बिलासपुर
मंगलवार 10 फरवरी 2026
फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमीं
वर्ष : 25, अंक : 319
पृष्ठ : 10+6+8 =24, मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 30.0
न्यून. 14.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7
स्कॉटलैंड का एसोसिएट टीमों में रिकॉर्ड ...



विचार पेज
लाल आतंक से मुक्ति की ओर बढ़ रहा देश

# थोक में घपले-घोटाले, आडिट ने पकड़ा, जवाब मांगा तो आधी-अधूरी जानकारी, अब चार दिन की मोहलत

## अब नगरीय प्रशासन ने मांगी सही जानकारी, विधानसभा की समिति करेगी लेखा आपत्तियों का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में राज्य संपरीक्षा विभाग द्वारा किए गए आडिट में बड़ी संख्या में घपले, घोटले, अनियमितता और गड़बड़ियों को लेकर आपत्तियां सामने आने के बाद जब इनके बार में निकायों से जवाब तलब किया गया, तो आधी-अधूरी और अस्पष्ट जानकारियां दी गई। इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गंभीरता से लिया है और संबंधित निकायों को चार दिनों में सही-सही जानकारी देने का आदेश जारी किया है।

अलग खबर

### ये है मामला

छ.ग. राज्य संपरीक्षा द्वारा अंकेक्षित स्थानीय नगरीय निकायों, पंचायत राज संस्थाओं, अनुदान प्राप्त एवं अन्य स्वायत्तशासी संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 जुलाई 2025 सत्र में छ.ग. विधानसभा के पटल पर रखा गया है। इसके मुताबिक स्थानीय नगरीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति द्वारा लिए गए निर्णयानुसार प्रतिवेदन में लेखा आपत्तियों का परीक्षण किया जाना है। लेखा आपत्ति से संबंधित जानकारी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे।




### आडिट में सामने आई थीं ये गड़बड़ियां

राज्य संपरीक्षा विभाग द्वारा किए गए आडिट की रिपोर्ट की जो मुख्य निष्कर्ष सामने आए हैं वे इस प्रकार हैं। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली सहित विद्यमान, प्रणाली की खामियां, प्रणालियों और प्रक्रिया का अनुसरण करने में विफलता, व्यक्तिगत रूप से विफलता, घाटा, कम मूल्यांकन, कम उद्धरण की राशि के मामले शामिल हैं।

### इन निकायों को देनी होगी सही जानकारी

इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संबंधित निकायों के आयुक्त, व सीएमओ को सही जानकारी देने का आदेश जारी किया है। जिन निकायों की जानकारी सही नहीं पाई गई है उनमें ये निकाय शामिल हैं। नगर पालिक निगम धमतरी, रायपुर, बीरगांव, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, अम्बिकापुर, कोरबा रायगढ़, चिरमिरी। नगर पालिका परिषद नवापारा, बागबहरा, सिमगा, नेवरा, बैकुण्ठपुर, महासमुंद, सक्ती, कोंडागांव, भाटापारा, सुकमा, किरंदुल, चांपा, बड़े बचेली, रतनपुर, डोंगरगढ़, मंदिर हसौद, दीपिका, खरसिया, बोदरी, खैरागढ़, जांजगीर-नैला, नारायणपुर, सारंगढ़ एवं नगर पंचायत राजिम, लवन, फरसगांव, चारामा, बगीचा, कोतबा ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### हवाई अड्डे पर यात्री से सोने के बिस्किट जब्त



**अहमदाबाद।** सीमा शुल्क विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने दुबई से अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद एक पुरुष यात्री से 96 लाख रुपए मूल्य के सोने के बिस्किट जब्त किये। अधिकारी ने बताया कि 601 ग्राम से अधिक वजन के सोने के बिस्किट रविवार आधी रात को उतरे यात्री ने अपने अंतवस्त्रों में छिपाए हुए थे।

### मंदिर की छत गिरने से तीन लड़कियों की मौत

**मुरैना।** मप्र में मुरैना जिले के अहरौली गांव में सोमवार दोपहर माता मंदिर की छत गिरने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। मृतक बच्चियों की पहचान वैष्णवी सिकरवार (11), छाया गोस्वामी (7) और करिश्मा गोस्वामी (9) के रूप में हुई है। दोपहर करीब दो बजे जब मंदिर में गुंबद निर्माण के लिए पुरानी छत तोड़ी जा रही थी, तब 'छत की पटिया (निर्माण संबंधी एक प्रकार का सहारा)' अचानक गिर गई और नीचे बैठी बच्चियां मलबे में दब गईं।

### मुंबई-गोवा वंदे भारत से टकराए मवेशी

**मुंबई।** देश के सबसे व्यस्त रेलमार्गों में से एक मुंबई-गोवा खंड पर यातायात सोमवार को महाराष्ट्र के कुडाल और सिंधुदुर्ग स्टेशन के बीच मवेशियों के एक वंदे भारत एक्सप्रेस से टकराने और उपकरणों को क्षति पहुंचने की वजह से घंटो तक बाधित रहा। यह घटना कोंकण रेलवे के अंतर्गत आने वाले मार्ग पर पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे हुई।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लेंगे करीब 30 करोड़ मजदूर

**नई दिल्ली।** दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के एक संयुक्त मंच ने कहा कि 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का आह्वान जारी है। उम्मीद है कि देश भर से कम से कम 30 करोड़ मजदूर इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। यूनियनों के समूह ने केंद्र सरकार की 'मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी कॉरपोरेट समर्थक नीतियों' के खिलाफ अपना विरोध दिखाने के लिए नौ जनवरी, 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था।

### वाहन की टक्कर से दो नाबालिगों की मौत

**रांची।** झारखंड के गुमला जिले में अलग अलग घटनाओं में वाहन की टक्कर से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। यह दुर्घटना रविवार को कामडारा-बेरो मुख्य सड़क पर हुई। फिल्मोन किन्डो अपने नाबालिग मित्र के साथ परीक्षा केंद्र जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य दुर्घटना में, एक ऑटोरिक्शा पोकला गेट रेलवे क्रॉसिंग के पास पलट गया।

## राहुल को बोलने की नहीं मिली इजाजत, विपक्ष भड़का

# सिर्फ 13 मिनट में कार्यवाही ठप, अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगा विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*लोकसभा में बजट सत्र की शुरुआत से लेकर अब तक सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। सोमवार को कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 'बोलने की इजाजत नहीं देने' से विपक्ष में गुस्सा है। इसके साथ ही कांग्रेस की महिला सांसदों के खिलाफ सदन में अनुचित स्थिति पैदा करने के आरोपों पर विपक्ष अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को सौंप सकता है।*

संसद के बजट सत्र में आज भी हंगामा ही रहा, सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। पिछले हफ्ते का ज्यादातर काम हंगामे की वजह से बर्बाद हो गया था। सोमवार शाम तक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर 102 सांसदों ने हस्ताक्षर कर दिए थे, हालांकि विपक्ष के एक प्रमुख दल तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। विपक्षी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के कई सांसदों के साथ ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा सचिवालय को सौंपा जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष को 'बोलने की अनुमति नहीं दिए जाने', भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सदन में की गई टिप्पणियों को लेकर उन पर कार्रवाई शुरू नहीं करने और कांग्रेस की महिला सांसदों पर बिना साक्ष्य के आरोप लगाये जाने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नोटिस पर अब तक 102 सांसदों के हस्ताक्षर, आज कर सकते हैं पेश

### लोकसभा में नहीं चला प्रश्नकाल

लोकसभा में सोमवार को कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और बैठक शुरू होने के पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम को बधाई दी और सदस्यों ने मेजें थपथपाकर टीम की जीत की सराहना की।





### क्या है विपक्ष का आरोप

विपक्षी दलों का आरोप है कि उन्हें बहस के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जाता और उनके नोटिसों को चुनिंदा तरीके से स्वीकार किया जाता है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल के अनुसार, जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी बोलने के लिए खड़े होते हैं, तो अक्सर उनका माइक बंद कर दिया जाता है।

### चर्चा नहीं होने का नुकसान विपक्ष को ही : रीजीजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि अगर संसद में चर्चा नहीं होती है तो इसमें विपक्ष का नुकसान है, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास बहुमत है और उसे सदन में कोई भी प्रस्ताव पारित कराने में दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हालांकि सरकार चाहती है कि हर चीज चर्चा के बाद ही पारित हो।

### राहुल के बोलते ही लोकसभा में हंगामा

सोमवार को दोपहर 2 बजे बाद लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राहुल गांधी जैसे ही बोलने के लिए उठे, वैसे ही हंगामा शुरू हो गया। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे स्पीकर ने कहा था कि वह अपनी बात रख सकते हैं। वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि स्पीकर ने ऐसा कुछ नहीं कहा है। राहुल गांधी ने कहा कि एक घंटा पहले हम स्पीकर से मिले थे। उन्होंने कहा कि बजट पर चर्चा से पहले मैं बोल सकता हूं। क्या आप अपने शब्दों से पीछे जा रहे हैं। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने राहुल से कहा कि बजट पर बोलना है तो बोल सकते हैं। किसी और विषय पर कोई नोटिस नहीं मिला है। लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई है।

### क्या है स्पीकर को हटाने की प्रक्रिया?

**14 दिनों का नोटिस :** स्पीकर को हटाने के लिए लिखित नोटिस दिया जाना जरूरी है। वह भी कम से कम प्रक्रिया शुरू करने से 14 दिन पहले। इसी के साथ ऐसे किसी भी प्रस्ताव के लिए कम से कम 50 सांसदों का समर्थन जरूरी है।

**सदन की अध्यक्षता :** जब स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर सदन में चर्चा या बहस हो रही होती है, तब स्पीकर सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकते। इस दौरान डिप्टी स्पीकर या राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त कोई अन्य सदस्य सदन की कार्यवाही का संचालन करता है।

**मतदान की प्रक्रिया :** स्पीकर को हटाने के लिए सदन के तत्कालीन सभी सदस्यों के बहुमत की जरूरत होती है। सीधे शब्दों में यह सामान्य अविश्वास प्रस्ताव से अलग है, क्योंकि इसमें केवल सदन में मौजूद और मतदान करने वाले सदस्यों का बहुमत पर्याप्त नहीं होता। सभी सदस्यों की मौजूदगी और उनका मतदान करना जरूरी होता है।

# स्कूल-संसद में धमाके की धमकी की डेट हुई 'डिकोड'

### 9 और 13 तारीख का अफजल गुरु से निकला कनेक्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। इस बार धमकी स्कूलों के अलावा संसद में धमाके की धमकी देने की भी थी। इसलिए यह और संवेदनशील हो गया। हालांकि जांच हुई तो कुछ संदिग्ध निकलकर नहीं आया लेकिन धमकी देने वालों ने जिन दो तारीखों का जिक्र किया है, उसका कनेक्शन अफजल गुरु से जुड़ता दिख रहा है। स्कूल और संसद को उड़ाने की धमकी देने वालों ने धमाके के लिए 9 और 13 तारीख का जिक्र किया है। इसका 2001 में फांसी दिए गए आतंकी अफजल गुरु से संबंध है, उसी की याद में धमाके की धमकी दी गई है। फिलहाल पुलिस ईमेल को किसने भेजा और इसके पीछे कौन-कौन शामिल है, इसकी जांच में जुटी है।



### धमकी में क्या कहा गया?

रिपोर्ट के मुताबिक, धमकी भरे इस ईमेल में कहा गया, स्कूलों में आज (9 फरवरी) को 1 बजकर 11 मिनट पर धमाका होगा। लिखा, दिल्ली बनेगा खालिस्तान'। आज शहीद अफजल गुरु याद विच, बम ब्लास्ट होवेगा। स्कूलां विच आज धमाका। इसमें 9 फरवरी की तारीख का जिक्र है, यह अहम इसलिए है क्योंकि अफजल गुरु को इसी दिन फांसी दी गई थी। कोर्ट के आदेश और राष्ट्रपति के दया याचिका खारिज किए जाने के बाद दिल्ली की तिहाड़ जेल में उसे फांसी पर चढ़ा दिया गया था।

### संसद में 13 तारीख को धमाके

ईमेल में संसद में धमाके की धमकी के लिए 13 फरवरी का जिक्र किया गया। ईमेल में लिखा गया, हिंदूस्तानी पार्लियामेंट बिच बम चलेगा। 13 फरवरी 1.11 बजे होवेगा। 13 फरवरी का जुड़ाव भी सीधे तौर पर अफजल गुरु से है, उसने संसद पर हमला 13 तारीख को ही किया था, केवल महीना दिसंबर का था। अब 13 फरवरी को धमाके की धमकी दी गई है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर के नाम का भी जिक्र ई-मेल में है। खालिस्तानी मंसूबे जाहिर करते हुए लिखा, पंजाब हुण खालिस्तान, खालिस्तान नेशनल आर्मी।

## सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# एसआईआर के काम में नहीं आने देंगे रुकावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं देगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में आवश्यक आदेश या स्पष्टीकरण जारी करेगी। पीठ ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इनमें राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका भी शामिल है, जिसमें एसआईआर अभ्यास के दौरान मतदाता सूची से बड़ी संख्या में लोगों के नाम हटाए जाने की आशंका जाहिर की गई है। पीठ ने कहा, हम किसी को भी एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कुछ उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप लगाया गया है।



### डीजीपी को दिए निर्देश

*कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपद्रवियों के खिलाफ अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। पीठ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में संशोधन के सिलसिले में अंतिम निर्णय हमेशा मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा। उसने कहा कि इन 8,505 अधिकारियों की नियुक्ति का तरीका और कामकाज निर्वाचन आयोग द्वारा तय किया जाएगा।*

### सभी राज्यों में भारत का संविधान

*केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह संदेश जाना चाहिए कि भारत का संविधान सभी राज्यों पर लागू होता है। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से निर्वाचन आयोग को ग्रुप-बी के 8,505 अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराए जाने का संज्ञान लिया। उसने कहा कि इन अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया में प्रशिक्षित और नियोजित किया जा सकता है।*

### ममता के वकील की ऐसी दलील

सुनवाई के दौरान ममता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने एसआईआर प्रक्रिया में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और बड़े पैमाने पर योग्य मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर आशंकाएं व्यक्त कीं। दीवान ने पीठ से कहा, हम नहीं चाहते कि मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर लोगों के नाम हटाए जाएं।

# जी-20 देशों में सबसे तेज दौड़ लगाएगी भारत की इकोनॉमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आगामी वित्त वर्ष में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो घरेलू खपत में मजबूती, नीतिगत उपायों और स्थिर बैंकिंग प्रणाली के दम पर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। मूडीज ने अपनी बैंकिंग प्रणाली परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत बनी रहेगी। हालांकि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में कुछ दबाव देखने को मिल सकता है। इसके बावजूद, बैंकों के पास ऋण नुकसान को झेलने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक परिस्थितियों और संरचनात्मक सुधारों के समर्थन से 2026 में बैंकों के लिए परिचालन माहौल मजबूत बना रहेगा।



### मूडीज ने क्या कहा

मूडीज ने कहा कि हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी दर 6.4 प्रतिशत रहेगी, जो मजबूत घरेलू खपत एवं नीतिगत उपायों के कारण जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सितंबर 2025 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का रिफॉर्म और इससे पहले पर्सनल इनकम टैक्स की सीमा बढ़ाए जाने से उपभोक्ताओं की वहन क्षमता सुधरेगी एवं खपत आधारित वृद्धि को समर्थन मिलेगा।

### बैंकिंग सिस्टम में दम

*मूडीज ने कहा कि महंगाई कंट्रोल में रहने और वृद्धि की गति मजबूत बने रहने से वह उम्मीद करता है कि भारतीय रिजर्व बैंक 2026-27 में मौद्रिक नीति में और ढील तभी देगा, जब आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिलेंगे। आरबीआई ने 2025 में अपनी नीतिगत दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज के अनुसार, समूचे बैंकिंग सिस्टम में लोन ग्रोथ वित्त वर्ष 2026-27 में मामूली बढ़कर 11-13 प्रतिशत रह सकती है। जो वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 10.6 प्रतिशत रही है।*

# रोहित और विराट ग्रेड बी में डिमोट, ए प्लस श्रेणी खत्म

**नई दिल्ली।** सीनियर सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को बीसीसीआई के ताजा सालाना केंद्रीय अनुबंध में अपेक्षा के अनुरूप बी श्रेणी में रखा गया है, जबकि बोर्ड ने सात करोड़ की रिटनेरशिप वाली ए प्लस श्रेणी खत्म कर दी है। बीसीसीआई ने सोमवार को 30 पुरूष और 21 महिला क्रिकेटरों को ए, बी और सी श्रेणी के सालाना अनुबंध देने की घोषणा की। नए केंद्रीय अनुबंध संबंधित सत्र में खेले गए मैचों और प्रदर्शन के आधार पर दिए गए हैं।

दो प्रारूप में कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट हरफनमौला रविंद्र जडेजा को ए श्रेणी में रखा गया है। कोहली और रोहित टेस्ट और टी20 से विदा लेने के बाद एक ही प्रारूप में खेलते हैं और इसलिये शीर्ष श्रेणी में नहीं रह सकते। समझा जाता है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सुझाव पर प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरूआत की थी। यह तीनों प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों के लिये था और इतने वर्ष में सिर्फ कोहली, रोहित, जडेजा और बुमराह ही इस श्रेणी में रहे हैं। अब इनमें से तीन एक या दो प्रारूपों से विदा ले चुके हैं लिहाजा बोर्ड सिर्फ बुमराह को ए प्लस श्रेणी में नहीं रखना चाहता। गिल का सभी प्रारूपों में खेलना तय नहीं है और टी20 विश्व कप की टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। पिछले चक्र में 34 खिलाड़ियों को अनुबंध दिये गए थे लेकिन इस बार सूची में 30 ही नाम हैं।

### बीसीसीआई का सालाना कॉन्ट्रैक्ट





## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

# मुस्लिम एक-तिहाई हिस्से का ही कर सकता है वसीयत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मुस्लिम व्यक्तिगत कानून के तहत संपत्ति की वसीयत को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी मुस्लिम व्यक्ति अपनी कुल संपत्ति का केवल एक-तिहाई हिस्सा ही वसीयत के जरिए किसी को दे सकता है। इससे ज्यादा हिस्सा देने के लिए बाकी कानूनी वारिसों की मृत्यु के बाद स्पष्ट और स्वतंत्र सहमति जरूरी है। बिना सहमति के पूरी संपत्ति की वसीयत अवैध मानी जाएगी। यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

खास खबर

### मुस्लिम कानून में गोद लेने की मान्यता नहीं

हाईकोर्ट ने 17 अगस्त 2023 को अपील को स्वीकार करते हुए दो महत्वपूर्ण कानूनी सवालों पर सुनवाई की। जैबुन निशा की ओर से अधिवक्ता पराग कोटेचा ने दलील दी कि मुस्लिम कानून में गोद लेने की कोई मान्यता नहीं है। सिकंदर ने खुद लिखित बयान में स्वीकार किया कि वह अब्दुल सत्तार का सगा बेटा नहीं ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सौम्या को हाईकोर्ट जाने के निर्देश

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया की याचिका पर भी सुनवाई हुई। कोर्ट ने उन्हें राहत देने के बजाय छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का रुख करने का निर्देश दिया। सौम्या चौरसिया को कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने पिछले साल दिसंबर में ▶▶ शेष पेज 4 पर


### चैतन्य की जमानत पर एक हफ्ते बाद होगी सुनवाई



छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में चैतन्य बघेल की जमानत को चुनौती देने वाली छत्तीसगढ़ सरकारी की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026





# अब आया भुइयां चैटबाट, वाट्सएप पर घर बैठे मिलेगी राजस्व विभाग की सेवाएं, डायवर्सन भी होगा ऑटोमेटिक

## छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग का डिजिटल युग शुरू, मोबाइल, इंटरनेट से मिलेंगे राजस्व दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राजस्व विभाग के कामकाज में अब एक नए डिजिटल युग की शुरुआत हो गई है। राज्य के लोगों को राजस्व विभाग से संबंधित सेवाएं भुइयां वाट्सएप चैटबॉट से घर बैठे मोबाइल पर ही मिल सकेगी।

यही नहीं, अब जमीनों के डायवर्सन के लिए एसडीएम दफ्तर के चक्कर भी नहीं लगाने होंगे। यह काम ऑटोमेटिक सिस्टम से होगा। डायवर्सन के लिए आनलाइन आवेदन के बाद 15 दिनों में यह काम अफसर को करना होगा, नहीं करने पर ऑटोमेटिक तरीके से डायवर्सन हो जाएगा। दस्तावेज घर पर ही मिलेगा।




### राजस्व मंत्री ने किया सेवा का शुभारंभ

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने 9 फरवरी को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भुइयां व्हाट्सऐप चैटबॉटऔर आटो डायवर्सन सुविधा का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अभिनव डिजिटल सेवा के माध्यम से अब छत्तीसगढ़ के नागरिक अपने मोबाइल फोन पर ही विभिन्न राजस्व सेवाओं की जानकारी सरलता से प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल राज्य में ई-गवर्नेंस पारदर्शिता, और नागरिक सुविधा को और अधिक मजबूत करेगी।

### ये जानकारी, दस्तावेज मिलेंगे वाट्सएप पर

भुइयां वाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से राजस्व विभाग से संबंधित जानकारी और दस्तावेज वाट्सएप पर घर बैठे मिल जाएंगे। इस सुविधा के माध्यम से ये काम किए जा सकते हैं। जमीन संबंधी जानकारी, राजस्व न्यायालय से संबंधित जानकारी,मोबाइल नंबर जोड़ने हेतु सुविधा, आधार नंबर जोडने हेतु ऑनलाइन आवेदन, किसान किताब हेतु आवेदन और नामांतरण हेतु आवेदन किए जा सकेंगे।

### ये मोबाइल नंबर आएगा काम

इस सेवा का उपयोग करने के लिए नागरिक 7289056060 नंबर को अपने मोबाइल में सेव कर वाट्सएप पर संदेश भेज सकते हैं। चैटबाट तुरंत आवश्यक जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

### अब घर बैठे हो जाएगा जमीन का डायवर्सन

अब नागरिक बिना किसी कागजी कार्रवाई और कार्यालय के चक्कर लगाए, अपने भूमि उपयोग परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल पर भूमि चयन से लेकर प्रीमियम एवं शुल्क की गणना तक की पूरी प्रक्रिया स्वचालित और सहज होगी। भुगतान के लिए ई-चालान की सुविधा उपलब्ध है, जिससे भुगतान प्रक्रिया तेज और सुरक्षित होगी। आवेदन के साथ छह आवश्यक दस्तावेजों का अपलोड अनिवार्य है, जो प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं। प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता, आवेदन जमा होते ही वह स्वचालित रूप से संबंधित सक्षम अधिकारी के पास परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। सक्षम अधिकारी को 15 दिनों के भीतर आवेदन पर निर्णय लेना अनिवार्य होगा, जिससे प्रक्रिया में तेजी आएगी। यदि निर्धारित समय में कोई निर्णय नहीं होता है, तो नागरिक को डिम्ड डाइवर्जन प्रमाणपत्र स्वतः जारी कर दिया जाएगा, जिससे नागरिको को अनावश्यक इंतजार से राहत मिलेगी। नागरिक हित में सुरक्षा प्रावधान के तहत यदि नागरिक द्वारा गणना की गई राशि वास्तविक देय राशि से कम पाई जाती है, तो सक्षम अधिकारी द्वारा सूचना दी जाएगी।

## पार्षद पुत्र को श्मशान की मिट्टी लाने भेज कर रुपए ले भागे

# पार्षद पुत्र को तंत्र-मंत्र से नोटों की बारिश कराने का झांसा देकर साढ़े तीन लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तंत्र-मंत्र से नोटों की बारिश कराने का झांसा देकर वार्ड 26 के पार्षद रामहीन कुर्रे के बेटे से साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार फर्जी तांत्रिक तथा उसका साथी भिलाई के रहने वाले हैं। आरोपियों को पुलिस ने एफआईआर दर्ज होने के चार घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की है।

रुस्तम कुर्रे की शिकायत पर पुलिस ने राहुल भारती तथा मयंक दास को गिरफ्तार किया है। रुस्तम ने पुलिस को बताया है कि एक वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात राहुल से सुपेला में हुई थी। रुस्तम प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है। रुस्तम के प्रापर्टी डीलर होने की जानकारी मिलने पर राहुल ने रुस्तम के साथ जान पहचान बढ़ाने के साथ उनके साथ मेल जोल बढ़ाया और उसे तंत्र-मंत्र के भ्रम जाल में फंसाया।

**पुलिस ने दोनों जालसाजों को चार घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की**



### तंत्र-मंत्र से पैसों की बारिश होने का दिया झांसा

रुस्तम को तंत्र-मंत्र के भ्रम जाल में फंसाने के बाद राहुल ने रुस्तम को भिलाई के अपने मित्र मयंक दास के तांत्रिक होने की जानकारी दी। साथ ही मयंक दास का तंत्र विद्या में पारंगत होने का झांसा देकर तंत्र-मंत्र के माध्यम से पैसों की बारिश कराने का झांसा दिया। इसके बाद उसने रुस्तम की मयंक से मुलाकात करवाई।

### श्मशान की मिट्टी का झांसा देकर पैसे लेकर भागे

भ्रम जाल में फंसाने के बाद दोनों जालसाज पिछले सप्ताह शुक्रवार छह फरवरी को रुस्तम के यहां तांत्रिक अनुष्ठान करने पहुंचे। रुस्तम दोनों को अपने गुढ़ियारी स्थित कार्यालय लेकर गया। दोनों जालसाजों ने तंत्र क्रिया के नाम पर रुस्तम को पैसे लाने के लिए कहा। इस पर रुस्तम ने दोनों जालसाजों को साढ़े तीन लाख रुपए दिए। रुपए लेने के बाद दोनों जालसाज रुस्तम को कार्यालय के बाहर बैठने के लिए कह कर अंदर फर्जी तांत्रिक क्रिया करने का नाटक किया। तंत्र क्रिया करने का नाटक करने के बाद जालसाजों ने रुस्तम द्वारा दिए गए नोट समेट लिए और उसके बैग में बच्चों के पिग्गी बैंक के नोट बैग में भर कर श्मशान घाट की मिट्टी लाने की बात कह कर रुपए लेकर फरार हो गए। काफी देर इंतजार करने के बाद दोनों नहीं लौटे, तो रुस्तम ने बैग खोलकर देखा। बैग में असली नोटों की जगह बच्चों के खेलने वाले नोट मिले।

## नक्सलियों के खात्मे का संकल्प सिद्ध होने जा रहा है : देवलाल

**रायपुर**। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मार्च तक नक्सलियों के खात्मे का जो संकल्प लिया है, वह अब सिद्ध होने जा रहा है। आज बस्तर में विकास के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं, निश्चित ही वे कार्य बहुत ही तीव्र गति से पूरे होंगे। नक्सलियों की समाप्ति के साथ बस्तर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति विश्वास जगा है, पूरे क्षेत्र में विकास की एक अविरल धारा बह रही है। बस्तर ओलंपिक के जरिए बस्तर की प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रदेश की साय सरकार काम कर रही है। आदिवासियों के धर्म, संस्कृति एवं संस्कार के लिए बस्तर पंडुम जैसे कार्यक्रम हो रहे हैं। बस्तर अंचल की धर्म, संस्कृति एवं संस्कार को आगे लाया जा रहा है। श्री ठाकुर ने कहा, बस्तर में रोड कनेक्टिविटी पर तेजी से कार्य हो रहा है। बस्तर में कौशल विकास के क्षेत्र में तेजी से काम चल रहे हैं। आदिवासी क्षेत्र में आदिवासी युवाओं को रोजगार मिले, उन्हें आर्थिक समृद्धि की ओर आगे बढ़ाने के लिए, बस्तर में रहने वाले समूचे लोगों के विकास के लिए भाजपा की सरकार लगातार कार्य कर रही है। अमित शाह ने बस्तर संभाग को 2030 तक विकसित बनाने के लिए संकल्प लिया है। उन संकल्पों की सिद्धी जल्द ही होगी और 2030 तक बस्तर एक विकसित संभाग हो जाएगा। भाजपा की हमेशा सोच रही है कि अंत्योदय विकास के लिए कार्य करना। प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के लिए अथक प्रयास कर रही है जो 2047 के विकसित भारत को एक बल प्रदान करेगा।



## उचित मूल्य की दुकानों से मिठास 9 दिन से गायब, शक्कर नहीं मिलने के कारण नमक का भी वितरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उचित मूल्य की दुकानों से शक्कर गायब हो गई है। फरवरी के लिए अब तक उचित मूल्य की दुकानों में शक्कर का भंडारण नहीं हो पाया है, जिसके कारण कार्ड धारकों को भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इधर शक्कर की आपूर्ति नहीं होने से नमक भी नहीं मिल पा रहा है।

छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा शक्कर और नमक की एक साथ उचित मूल्य की दुकानों में आपूर्ति की जाती है। यही कारण है कि शक्कर के साथ नमक का वितरण भी दुकानों में नहीं हो पा रहा है। इधर इस मामले में नागरिक आपूर्ति निगम की जिला अधिकारी ने कहा कि सोमवार को गोदामों में शक्कर का भंडारण हो गया है। इसके साथ ही उचित मूल्य की दुकानों में दोपहर बाद से आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है। मंगलवार से आपूर्ति में और तेजी लाई जाएगी, ताकि जिले के प्रत्येक दुकान में शक्कर का वितरण हो सके।

### भोरमदेव शक्कर कारखानों से आपूर्ति नहीं होने से दुकानों में नहीं पहुंच पाई शक्कर

उचित मूल्य की दुकानों में शक्कर के गायब होने का कारण भोरमदेव शक्कर कारखानों से इसकी आपूर्ति नहीं होना बताया गया है। सूत्रों से पता चला कि भोरमदेव कारखाना से नागरिक आपूर्ति निगम में जो शक्कर का खेप हर महीने आता है, उसमें विलंब हुआ है। यहीं कारण है कि फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में जिले में किसी भी दुकान में शक्कर का वितरण नहीं हो पाया। शक्कर की आपूर्ति नहीं होने के कारण दुकानों में नमक की भी आपूर्ति प्रभावित रही। हालांकि नमक का पर्याप्त भंडारण गोदामों में है, लेकिन नमक और शक्कर की आपूर्ति एक साथ दुकानों में गोदाम से कराई जाती है, इसलिए कई दुकानों में नमक का भी वितरण नहीं हो पाया है।



### चावल भी राज्य का दो माह और केंद्र का एक माह का वितरण

राशन दुकानों में दो माह का चावल वितरण से भी हितग्राही अब परेशान हो रहे हैं। राज्य सरकार ने फरवरी और मार्च माह का चावल एक साथ वितरण करने का आदेश जारी किया है। इसके तहत ऑनलाइन आवंटन में दो माह का चावल दिखा भी रहा है, लेकिन केंद्र सरकार का चावल एक माह का ही वितरण हो रहा है। इसके कारण दुकानों में कार्ड धारक को राज्य के कोटे का चावल दो माह का मिल रहा है, लेकिन केंद्र कोटे का चावल एक महीने का ही मिल रहा है। इसके कारण कार्ड धारक को केंद्र कोटे का अगले महीने का चावल मार्च में ही मिलेगा। इस तरह धारक को केंद्र कोटे का चावल लेने के लिए अगले महीने भी दुकान जाना पड़ेगा। इससे कार्ड धारकों की परेशानी कम होने की जगह और बढ़ गई है।



### गाड़ी आ गई है

शक्कर की गाड़ी आ गई है। दोपहर बाद से दुकानों में इसकी आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है। मंगलवार से आपूर्ति और तेज की जाएगी, ताकि किसी भी दुकान से हितग्राही को खाली हाथ लौटना नहीं पड़े।

- **हेलेना तिग्गा**, डीएम, छग नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर

### 8 दिनों से गायब थी

राशन दुकानों में 8 दिनों से शक्कर गायब थी, जिससे हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। आज से भंडारण शुरू हुआ है, जिसके बाद वितरण होने लगा है।

- **नरेश बाफना**
अध्यक्ष
छग पीडीएस संघ

**थ्योरी के साथ-साथ जोर दिया जाएगा प्रैक्टिकल स्किल्स पर**

## अब फैब्रिक एंड अपैरल डिजाइन की डिग्री भी ले सकेंगे डिस्टेंस लर्निंग से

**रायपुर**। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने जनवरी 2026 सत्र के लिए फैब्रिक एंड अपैरल डिजाइन में चार वर्षीय बीएससी प्रोग्राम शुरू किया है, जिसे छात्र घर बैठे ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड में कर सकते हैं। यह कोर्स चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के तहत ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड में कराया जाएगा, जिससे छात्र घर बैठे पढ़ाई कर सकेंगे।

इस प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों को टेक्सटाइल, फैशन डिजाइन और कपड़ों के निर्माण की अच्छी समझ देना है। इसमें थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल स्किल्स पर भी जोर दिया गया है, ताकि छात्र आगे चलकर फैशन और टेक्सटाइल इंडस्ट्री में करियर बना सकें। फैब्रिक एंड अपैरल डिजाइन में बीएससी के लिए वही उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने अंग्रेजी माध्यम से विज्ञान विषय के साथ 12वीं कक्षा पास की हो। 12वीं पास किए हुए उम्मीदवारों को 3 से 6 वर्ष पूरे हो चुके हों, तभी वे आवेदन के पात्र होंगे। पंजीकरण और विकास शुल्क को छोड़कर, इस प्रोग्राम की फीस 11,000 रुपए प्रति वर्ष है। यह बीएससी प्रोग्राम कुल 120 क्रेडिट का है। कोर्स की अवधि तीन वर्ष है।

# विधानसभा अध्यक्ष करेंगे कवासी के बजट सत्र में शामिल होने का फैसला

## कवासी के आवेदन पर सचिवालय से मांगा अभिमत

**रायपुर**। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को विधानसभा के बजट सत्र की कार्रवाई में हिस्सा लेने की अनुमति के लिए आवेदन दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री के आवेदन पर विधानसभा सचिवालय से अभिमत मांगा है। स्पीकर ही इस संबंध में अंतिम निर्णय लेंगे। सालभर से अधिक समय जेल में रहने के बाद शराब घोटाला प्रकरण के आरोपी पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दी है।



सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की अवधि में प्रदेश से बाहर रहने के आदेश भी दिए हैं। साथ ही विधानसभा की कार्रवाई में हिस्सा लेने पर फैसला विधानसभा अध्यक्ष पर छोड़ दिया है। बताया गया कि कोर्ट के आदेश के बाद लखमा ओडिशा के मलकानगिरी में शिफ्ट हो गए हैं। उन्होंने ओडिशा जाने से पहले विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर बजट सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति के लिए आवेदन भी दिया है। बताया जाता है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कवासी लखमा के आवेदन पर विधानसभा सचिवालय से अभिमत मांगा है। सचिवालय से अभिमत मिलने के बाद विधानसभा अध्यक्ष कवासी को अनुमति देने पर फैसला लेंगे। विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू हो रहा है।

### मलकानगिरी पहुंचे कवासी

छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री ने ओडिशा के सीमावर्ती जिले मलकानगिरी को अपना अस्थायी ठिकाना चुना। वे शनिवार को मलकानगिरी पहुंचे। बता दें कि मलकानगिरी लखमा के विधानसभा क्षेत्र से कुछ किलोमीटर की दूरी पर है। नजदीकी क्षेत्र होने के कारण राजनीतिक और सामाजिक संपर्क बनाए रखना आसान होता है। माना जा रहा है कि इसी वजह से उन्होंने मलकानगिरी को अपना ठिकाना चुना है। लखमा ने कहा, वह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सभी शर्तों का सख्ती से पालन करेंगे। मलकानगिरी में अपने प्रवास के दौरान, वह क्षेत्र की समस्याओं को समझने और लोगों से जुड़े रहने का प्रयास करेंगे।

# अनुसूचित जनजातियों की सूची में किसी जाति को जोड़ने का अधिकार अदालतों के पास नहीं

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि अदालतों के पास भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अधिसूचित अनुसूचित जनजातियों की सूची में किसी जाति को जोड़ने, घटाने या संशोधित करने का कोई अधिकार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि इस संबंध में राष्ट्रपति का आदेश ही अंतिम और निर्णायक होता है।



जस्टिस विभु दत्त गुरु की एकल पीठ ने प्रथम अपीलीय अदालत के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें 'शिकारी' जाति को जांजगीर-चांपा जिले में अनुसूचित जनजाति माना गया था। हाईकोर्ट ने पाया कि संवैधानिक आदेश में क्षेत्र-विशिष्ट प्रतिबंधों के विपरीत जाकर निचली अदालत ने यह त्रुटिपूर्ण निष्कर्ष निकाला था। मामले की पृष्ठभूमि यह अपील टेक राम (अपीलकर्ता) द्वारा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, जांजगीर के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी। कृषि भूमि से जुड़ा है एक विवाद पूरे मामले में विवाद एक कृषि भूमि से जुड़ा था, जिसे अपीलकर्ता ने 11 मार्च, 1977 को एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से मनहरण सिंह और अन्य से खरीदा था। दशकों बाद, प्रतिवादी प्रहलाद और अन्य ने अपीलकर्ता को बेदखल करने की धमकी दी। उनका दावा था कि उन्होंने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 170(ख) के तहत उप-विभागीय अधिकारी (एसडीओ) से एक आदेश प्राप्त किया है। यह धारा आदिवासियों से गैर-आदिवासियों को भूमि हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगाती है। प्रतिवादियों का तर्क था कि भूमि मूल रूप से 'शिकारी' समुदाय की थी, जो एक आदिम जनजाति है, इसलिए 1977 की बिक्री अवैध थी। ट्रायल कोर्ट ने अपीलकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया था, यह मानते हुए कि 'शिकारी' जाति जांजगीर में अनुसूचित जनजाति नहीं है। हालांकि, प्रथम अपीलीय अदालत ने इसे पलट दिया और कहा कि 1960 की अधिसूचना के तहत यह समुदाय अनुसूचित जनजाति है, जिससे धारा 257 के तहत सिविल कोर्ट का क्षेत्राधिकार बाधित हो जाता है।

## सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष को पद से हटाने का आदेश रद्द

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डीबी ने सारंगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष को पद से हटाने के आदेश को रद्द किया है। कोर्ट ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 41-ए के तहत चुने हुए नगर पालिका अध्यक्ष को हटाना और अयोग्य ठहराना सही नहीं ठहराया जा सकता, अगर यह कार्रवाई सामूहिक फैसलों पर आधारित है, जिसमें व्यक्तिगत गलती के बारे में कोई खास निष्कर्ष नहीं निकाला गया है, यह चुनिंदा और भेदभावपूर्ण व्यवहार से दूषित है, और वैधानिक सुरक्षा उपायों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का सख्ती से पालन किए बिना की गई है।

याचिकाकर्ता श्रीमती सोनी अजय बंजारे स्थानीय निकाय में नगर पालिका परिषद सारंगढ़ के पार्षद के रूप में चुनी गई थीं। लोकल बॉडी इलेक्शन में काउंसिल, सारंगढ़ की प्रेसिडेंट के तौर पर चुनाव जीता और उसके बाद 3 जनवरी 2022 से नगर पालिका परिषद सारंगढ़ की अध्यक्ष चुनी गईं। उनके कार्यकाल में नगर पालिक परिषद सारंगढ़ की सीमा के अंदर अलग-अलग जगहों पर मौजूद परिषद की ज़मीन के कुछ हिस्से दुकानों के कंस्ट्रक्शन या एक्सटेंशन के लिए प्राइवेट लोगों को लीज़ पर दिए गए थे। ये अलॉटमेंट मौजूदा दुकानों से सटे ज़मीन के छोटे टुकड़ों से जुड़े थे और इन्हें प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल के प्रस्तावों के ज़रिए मंजूरी दी गई थी और बाद में म्युनिसिपल काउंसिल की जनरल बॉडी के सामने रखा गया था। मामले में शिकायत पर अध्यक्ष श्रीमती सोनी अजय बंजारे को कारण बताओ नोटिस जारी कर जांच किया गया। जांच के उपरांत अगले टर्म के लिए अयोग्य ठहराने के साथ-साथ अध्यक्ष के पद से हटाने का आदेश दे दिया गया। इस आदेश के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका पेश की। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने शासन के आदेश को सही ठहराते हुए याचिका खारिज की। इसके खिलाफ उन्होंने डीबी में अपील पेश की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डीबी में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि एक निर्वाचित पदाधिकारी को हटाने के लिए गंभीर कदाचार और सख्त प्रक्रियात्मक अनुपालन की सीमा को पूरा करना होगा, जो यहां स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है। कोर्ट ने दो सप्ताह में एक नया आदेश शुरू करने और पारित करने की स्वतंत्रता है।



आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹116258/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹141990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹154995/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026



## 5 ट्रेनों की जांच में 188 बेटिकट यात्री पकड़े गए

रायपुर रेल मंडल के मांढ़र स्टेशन पर 7 फरवरी को 'एम्बुश टिकट चेकिंग' अभियान चलाया गया। इस दौरान 18 टिकट चेकिंग स्टाफ की टीम ने 5 पैसेंजर ट्रेनों में यात्रियों के टिकटों की जांच की। रायपुर-बिलासपुर, गोंदिया-झारसुगुड़ा और गेवरा रोड-रायपुर जैसी लंबी दूरी की पैसेंजर ट्रेनों की जांच के दौरान हर ट्रेन में 40 से 50 यात्री बिना टिकट सफर करते पाए गए। कई कोच में तो एक साथ 5 से अधिक लोग बिना टिकट थे। चेकिंग देख कई यात्री डर के मारे ट्रेन से उतर गए। इस सघन अभियान में कुल 188 यात्री बिना टिकट पकड़े गए, जिनसे रेलवे ने जुर्माने के तौर पर 56,415 रुपये वसूले।

लोकल ट्रेनों में नियमित जांच के अभाव से बढ़ रहे बिना टिकट के सफर करने वाले यात्री

# अपनी लोकल ट्रेन, बेधड़क चढ़ जाइए...हर मेमू में मिल रहे 50 से ज्यादा बेटिकट यात्री, एक्सप्रेस में भी खौफ नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिना टिकट यात्रा करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि लोकल ट्रेनों से लेकर एक्सप्रेस के जनरल कोच तक में 5 से 10 यात्री बिना टिकट सफर करते पाए जा रहे हैं। हाल ही में रेलवे द्वारा चलाए गए जांच अभियान में इसका खुलासा हुआ है। रायपुर रेलवे मंडल ने बीते 12 दिनों में स्टेशनों पर दो बड़े स्तर के एम्बुश टिकट जांच अभियान चलाया। इस आकस्मिक जांच में 342 यात्री बिना टिकट सफर करते पकड़े गए। रेलवे ने इन यात्रियों से जुर्माने के रूप में कुल 1,01,940 रुपये का राजस्व वसूला है। जांच में एक अहम बात सामने आई है कि एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में लोकल ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों की संख्या सर्वाधिक है। रायपुर से छोटे स्टेशनों के बीच सफर करने वाले ⏭|शेष पेज 4 पर



स्टेशन में रेलवे ने चलाया एम्बुश टिकट जांच अभियान।

### एक ही दिन में मिले 361 बिना टिकट के यात्री

5 फरवरी को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा बिलासपुर स्टेशन में किलाबंदी टिकट चेकिंग एवं रायगढ़ -बिलासपुर-भाटापारा स्टेशनों के मध्य ट्रेनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिलासपुर स्टेशन एवं रायगढ़ -बिलासपुर-भाटापारा स्टेशनों के मध्य गुजरने वाली 20 ट्रेनों में सघन टिकट जांच की गई। इस दौरान कुल 361 मामलों से 1,88,040 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। इनमें बिना टिकट यात्रा के 288 मामलों से 1,62,340 रुपये, अनियमित टिकट के 52 मामलों से 23,010 रुपये वसूले गए।


### 2-3 घंटे की जांच में मिल रहे 200 से अधिक बेटिकट यात्री

रेलवे ने ट्रेनों में बिना टिकट सफर करने वालों के खिलाफ जांच अभियान तेज कर दिया है। स्थिति यह है कि छोटे स्टेशनों पर महज दो से तीन घंटे की जांच में ही 200 से अधिक यात्री बिना टिकट पकड़े जा रहे हैं। इसी कड़ी में 29 जनवरी को हुई जांच में लगभग 154 यात्री बिना टिकट मिले थे। जानकारी के मुताबिक, इनमें बड़ी संख्या दैनिक यात्रियों की थी, वहीं कुछ यात्री पैसेंजर ट्रेन के जरिए लंबी दूरी का सफर भी कर रहे थे। इस एक दिन की कार्रवाई से रेलवे को 45,525 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप

### नरवणे की पुस्तक को लेकर एफआईआर

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की आगामी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही है।




### 47 लाख को 9000 रुपए से कम पेंशन

नई दिल्ली। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि देश में कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत 9,000 रुपए से कम पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनभोगियों की कुल संख्या 47.04 लाख है। आंकड़ों के अनुसार, ईपीएस-95 के तहत वर्तमान में पेंशनभोगियों की कुल संख्या 82,11,182 है। ईपीएस-95 योजना के तहत 9,000 रुपए से कम पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनभोगियों की कुल संख्या 47,04,270 है।

### उखरुल में फिर भड़की हिंसा, घर जलाए गए

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों द्वारा लिटान सारेइखोंग गांव में कथित तौर पर अन्य घरों में आग लगाये जाने के बाद एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। पहाड़ी गांव के आसपास सशस्त्र समूहों ने हवा में कई गोलियां भी चलाईं, जिससे निवासी जरूरी सामान लेकर पड़ोसी कांगपोकपी जिले के सुरक्षित इलाकों में भागने को मजबूर हो गए। इस इलाके में हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को लिटान गांव में तंगखुल नागा समुदाय के एक सदस्य पर सात से आठ लोगों द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद हुई।



पंडुम उत्सव के समापन पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह की नक्सलियों को दो टूक, प्रतिभाओं का किया सम्मान

# बस्तर की पहचान बारूद नहीं, समृद्ध संस्कृति 31 मार्च तक घुटने टेक देगा नक्सलवाद



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर भारत की संस्कृति का आभूषण है और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार ने यहां की गौरवशाली परंपराओं को नए प्राण दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में नक्सलियों से सीधी अपील करते हुए कहा कि हिंसा छोड़ो, हथियार उठाओगे तो जवाब मिलेगा। साथ ही कहा, सरकार की लड़ाई किसी समुदाय से नहीं, बल्कि बस्तर की भोली-भाली आदिवासी जनता की सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए है। माओवाद उन्मूलन की समय-सीमा अब भी वही है और जवानों के अदम्य साहस से 31 मार्च 2026 तक माओवाद को घुटने टेकने पड़ेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उन्होंने नक्सल पुनर्वास नीति की सराहना करते हुए कहा कि पुनर्वास केंद्रों में आत्मसमर्पण करने वालों को रोजगारमूलक और सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

गृहमंत्री शाह बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपरा और लोककला के भव्य उत्सव 'बस्तर पंडुम' के समापन समारोह को लालबाग में सोमवार को संबोधित कर रहे थे। बस्तर पंडुम 2026 के सभी विजेताओं को केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया। गृहमंत्री ने बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले लोक कलाकारों को राजधानी दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में ⏭|शेष पेज 4 पर



### बस्तर की सांस्कृतिक विरासत विश्व में अद्वितीयः डिप्टी सीएम शर्मा

डिप्टी सीएम एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बस्तर पंडुम के भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक विरासत विश्व में अद्वितीय है। उन्होंने छेरछेरा पंडुम, तिहार और विजा पंडुम जैसे पारंपरिक उत्सवों को जनजातीय जीवन और कृषि से जुड़ी अमूल्य परंपराएं बताया। उन्होंने कहा कि सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय ध्वज की उपस्थिति दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचना विकास और विश्वास की नई शुरुआत है।

### नक्सल समस्या अंतिम चरण में: किरण देव

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देवसिंह ने कहा कि बस्तर पंडुम को देश-विदेश में पहचान दिलाने में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री के संकल्प से नक्सल उन्मूलन अब अपने अंतिम चरण में है और बस्तर की जनजातीय संस्कृति विश्व के लिए अद्भुत उदाहरण बन रही है।



### बस्तर की संस्कृति अब देश-दुनिया की पहचान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर की संस्कृति को वैश्विक मंच मिला है। इस वर्ष 54 हजार से अधिक कलाकारों ने भाग लेकर लोकनृत्य, गीत, शिल्प, खान-पान,वेशभूषा,साहित्य,औषधीय ज्ञान और नाट्य विधाओं का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अब बस्तर माओवाद नहीं, बल्कि संस्कृति,पर्यटन और संभावनाओं के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर लंबे समय तक नक्सलवाद की पीड़ा से जूझता रहा,लेकिन अब यहां तरक्की की एक नई सुबह देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। मार्च 2026 तक इसे जड़ से समाप्त किया जाएगा।

अंतरा मार्ट ने कैरी बैग देने के एवज में ग्राहक से पांच रुपए वसूल किया

## पांच रुपए का कैरी बैग... चुकाने होंगे अब 5 हजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

ग्राहक से कैरी बैग के एवज में पांच रुपए वसूल किए जाने पर जिला उपभोक्ता फोरम ने कटोरा तालाब स्थित अंतरा मार्ट पर वाद व्यय सहित पांच हजार रुपए ग्राहक को लौटाने आदेश दिया है। कैरी बैग के एवज में पैसा लेने तथा ग्राहक द्वारा इसका विरोध करने पर मार्ट के कर्मचारी ने ग्राहक के साथ बुरा बर्ताव किया। इस बात से नाराज होकर मार्ट से सामान खरीदने वाले ग्राहक ने जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष डाकेश्वर प्रसाद शर्मा ने दावड़ा कालोनी निवासी मोइनुद्दीन कुरैशी के परिवाद पर फैसला सुनाया है। तीन वर्ष ⏭|शेष पेज 4 पर

### कर्मचारी की बदसलूकी की वजह से परिवाद

परिवादी ने खरीदे गये सामान के बार कोड की स्कैनिंग कर जब बिल प्राप्त किया, तो परिवादी को यह जानकर आश्चर्य हुआ कि मार्ट द्वारा बिल की कुल राशि रुपए 517.90 रुपए में कैरी बैग की राशि पांच रुपए को भी सम्मिलित किया गया है। परिवादी द्वारा कैरी बैग की राशि जोड़ने के संबंध में विरोध करने पर मार्ट के कर्मचारी द्वारा कहा गया कि कैरी बैग आपके मांगने पर दिया गया है, उसकी कीमत आपको देनी होगी। परिवादी द्वारा विरोध करने पर उनके साथ बुरा बर्ताव किया गया।

मजबूत वैश्विक रुख का असर

## चांदी फिर 17 हजार रुपए महंगी, सोने में भी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख और कमजोर डॉलर के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें छह प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2.72 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी शुक्रवार के 2,55,000 रुपए प्रति किलो के बंद भाव से 17,000 रुपए बढ़कर 2,72,000 रुपये (सभी कर सहित) हो गई।



### अंतरराष्ट्रीय बाजार का ऐसा हाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 2.19 डॉलर, या 2.81 प्रतिशत बढ़कर 80.21 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि सोना एक प्रतिशत बढ़कर 5,012.94 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के गांधी ने कहा कि कीमती धातुओं में निवेशकों की भावना को चीन से आए सप्ताहांत के आंकड़ों से और बढ़ावा मिला, जिसमें दिखाया गया कि पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने ऊंची कीमतों के बावजूद जनवरी में लगातार 15वें महीने सोने की खरीदारी जारी रखी।

हाईकोर्ट ने रिटायर्ड लेक्चरर को दी राहत

## रिटायरमेंट के 6 महीने बाद जीपीएफ से वसूली अवैध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी भी शासकीय अधिकारी या कर्मचारी के रिटायरमेंट होने के छह माह बाद सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की राशि से किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने एक रिटायर्ड लेक्चरर को राहत देते हुए उनके खिलाफ जारी वसूली आदेश को निरस्त कर दिया। दरअसल, मामला ⏭|शेष पेज 4 पर



### वसूली करना नियमों के खिलाफ

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि शासकीय कर्मचारी के रिटायरमेंट के 6 माह के भीतर ही देयकों की वसूली की जा सकती है। इसके बाद वसूली करना नियमों के खिलाफ है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम, 1976 के नियम 65 का हवाला देते हुए बताया गया कि यदि किसी शासकीय सेवक के जीपीएफ खाते में ऋणात्मक शेष पाया जाता है, तो सेवानिवृत्ति की तिथि से केवल 6 माह की अवधि के भीतर ही वसूली की जा सकती है। इसके बाद वसूली कानूनन गलत है।




परीक्षा पे चर्चा का द्वितीय चरण, रायपुर के छात्र को मिला पीएम से सवाल पूछने का मौका

# छात्र ने पूछा-परीक्षा के बाद कहां जाएं घूमने? कोई सुझाव!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दूसरे चरण में भी छत्तीसगढ़ के बच्चों, पालकों और शिक्षकों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का द्वितीय चरण 9 फरवरी को आयोजित किया गया। इस चरण में राज्य के 36,905 विद्यालयों से कार्यक्रम प्रसारित किया गया, जिसे 26.65 लाख विद्यार्थी, 1.54 लाख शिक्षक एवं 1.68 लाख पालकों सहित 29.89 लाख दर्शकों ने देखा। साथ ही, पूर्ववत 478 सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से कार्यक्रम देखने की व्यवस्था ⏭|शेष पेज 4 पर

### पहले चरण में जुड़े थे 29.87 दर्शक

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के प्रथम चरण का सीधा प्रसारण 6 फरवरी को देशभर के विद्यालयों में किया गया। इस चरण में भी छत्तीसगढ़ राज्य से अत्यंत उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 36,903 विद्यालयों में इस कार्यक्रम का प्रसारण हुआ, जिसे 26.65 लाख विद्यार्थियों, 1.54 लाख शिक्षकों एवं 1.68 लाख पालकों सहित कुल 29.87 लाख दर्शकों ने देखा। इसके अतिरिक्त, ⏭|शेष पेज 4 पर

'परीक्षा पे चर्चा' में प्रधानमंत्री ने छात्र-छात्राओं को दी सलाह





### पीएम छात्रों से बोले-मार्गदर्शन के लिए ही करें एआई का उपयोग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को छात्रों को सलाह दी कि वे प्रौद्योगिकी को उन्हें गुलाम नहीं बनाने दें और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग मार्गदर्शन और अपने काम में बेहतरी लाने के लिए किया जाना चाहिए, न कि सीखने के विकल्प के रूप में। प्रधानमंत्री के वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के नौवें संस्करण की दूसरी कड़ी में, मोदी ने कहा कि मोबाइल फोन उन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं, जो उनके या टेलीविजन स्क्रीन के बिना खाना भी नहीं खा सकते। उन्होंने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात के विद्यार्थियों से हुई बातचीत में कहा, हर युग में नयी प्रौद्योगिकियों, चाहे कंप्यूटर हों या मोबाइल फोन, को लेकर चिंताएं रही हैं। लेकिन यह डर बेवजह है।

## चिंतन

# शहरों के विकास पर नए तरीके से सोचना होगा

देश में शहर तेजी से फैल रहे हैं, लेकिन विकास की यह रफ्तार अब आम लोगों की जान और सेहत के लिए खतरा बनती जा रही है। सड़कें, मॉल, दुकानें, सीवर और पानी की लाइनें सब कुछ बन रहा है, लेकिन बिना समुचित योजना, निगरानी और जवाबदेही के। नतीजा यह है कि शहरों में होने वाले हादसे अब अपवाद नहीं, बल्कि एक कड़वी सच्चाई बन चुके हैं। सवाल यह नहीं है कि हादसे क्यों हो रहे हैं, बल्कि यह है कि इन्हें रोकने के लिए जिम्मेदार कौन हैं और कब तक इस लापरवाही को दुर्घटना कहकर टाला जाता रहेगा। शहरों की बदहाल स्थिति के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी अव्यवस्थित विकास मॉडल की है। सड़कों की खुदाई, निर्माणाधीन मॉल और दुकानों के आसपास खुले गड्ढे, बिना बैरिकेडिंग के चल रहा काम और सुरक्षा मानकों की अनदेखी ये सभी सीधे तौर पर इंसानी जान से खिलवाड़ हैं। हाल के दिनों में सामने आई घटनाएं इस व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी हैं। नोएडा में पिछले महीने सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत एक दर्दनाक उदाहरण है। निर्माणाधीन मॉल के पास बिना बैरिकेड और चेतावनी संकेतों के खुले, पानी से भरे गहरे गड्ढे में उनकी कार गिर गई। इंजीनियर ने खुद पुलिस को फोन कर मदद मांगी, लेकिन समय पर सहायता नहीं मिली और उनकी जान चली गई। यह हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की असंवेदनशीलता और लापरवाही का नतीजा था। अब दिल्ली में भी ऐसी ही एक और भयावह घटना सामने आई, जहां 25 वर्षीय युवक रात में घर लौटते समय दिल्ली जल बोर्ड के पास करीब 4.5 मीटर गहरे गड्ढे में गिर गया। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि वह युवक करीब आठ घंटे तक गड्ढे में पड़ा तड़पता रहा, मदद के लिए गुहार लगाता रहा, लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी या विभाग हरकत में नहीं आया। न चेतावनी बोर्ड थे, न बैरिकेडिंग और न ही निगरानी। यह गड्ढा सिर्फ सड़क में ही नहीं, बल्कि सिस्टम की जवाबदेही में भी उतना ही गहरा था। जांच एजेंसियों ने इस मामले को महज दुर्घटना नहीं, बल्कि गंभीर और आपराधिक लापरवाही माना है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या महज कुछ गिरफ्तारियों से शहर सुरक्षित हो जाएंगे? शहरों की दुर्दशा का एक और पहलू बढ़ता प्रदूषण है। धूल, अव्यवस्थित ट्रैफिक, लगातार चल रहे निर्माण कार्य और सर्दियों में स्मॉग ने शहरों में सांस लेना तक मुश्किल कर दिया है। प्रदूषण और सड़क हादसे मिलकर हर साल हजारों जिंदगियों को लील रहे हैं। यह सिर्फ स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि शहरी नियोजन की विफलता का भी मुद्दा है। अब समय आ गया है कि सरकार और शहरी प्रशासन नए सिरे से सोचें। जैसे देशभर में बाईपास और राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछाया गया, वैसे ही शहरों के अंदरूनी ढांचे के लिए भी दीर्घकालिक और समग्र योजना बनाई जाए। आबादी के अनुपात में सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम, सीवरेज और पानी की लाइनें विकसित हों। इंदौर जैसी घटनाएं, जहां पानी और सीवर की लाइनें एक साथ होने से लोगों की जान गई, यह बताती हैं कि बुनियादी सुविधाओं में तालमेल की कितनी कमी है। सबसे जरूरी है जवाबदेही तय करना। हर निर्माण कार्य के लिए स्पष्ट जिम्मेदारी, नियमित निरीक्षण और सुरक्षा मानकों का सख्त पालन अनिवार्य होना चाहिए। खुले गड्ढे, अधूरे काम और लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। हादसे के बाद मुआवजा और जांच से ज्यादा जरूरी है हादसों को होने ही न देना। शहर तभी सच में विकसित कहलाएंगे, जब वहां रहने वाले लोग खुद को सुरक्षित व स्वस्थ महसूस करें।

# लाल आतंक से मुक्ति की ओर बढ़ रहा देश



**नक्सलवाद**
रोहित माहेश्वरी

> देश का 90 प्रतिशत क्षेत्र पहले ही नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है। पिछले 11 वर्षों में, केंद्र सरकार की समन्वित, बहुआयामी रणनीति, जिसमें सुनियोजित सुरक्षा अभियान, अभूतपूर्व अवसंरचना विकास, वित्तीय दबाव, तीव्र विकास और एक आकर्षक आत्मसमर्पण नीति शामिल है, ने वामपंथी उग्रवाद को 2014 में 126 जिलों से घटाकर 2025 में मात्र 11 जिलों तक सीमित कर दिया है। कभी नक्सलियों के अभेद किले के रूप में जाने जाने वाला नेशनल पार्क एनकाउंटर जोन बनता जा रहा है। अब सुरक्षाबलों के कैंप बन जाने के बाद यहां से लाल आतंक के पैर उखड़ने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियान को चलाने वाले बड़े नक्सली बचे ही नहीं हैं। अब पूरा नक्सली संगठन ही नेतृत्व विहीन हो चुका है।

जिस तरीके से पूरे देश में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया गया है, उससे एक बात साफ है कि केंद्र की मोदी सरकार पूर्ण दृढ़ संकल्प और शपथ के जिस पथ को लेकर चल रही थी, उसमें एक मजबूत रणनीति अब दिखने लगी है। केंद्र सरकार ने इस साल 31 मार्च तक लाल आतंक को खत्म करने की समय सीमा तय कर रखी है। जो पूरी होती दिखने लगी है। देश का 90 प्रतिशत क्षेत्र पहले ही नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है। 1967 में बंगाल के नक्सलबाड़ी से शुरू हुई नक्सलवाद की समस्या ने दशकों तक लाखों निर्दोष लोगों और सुरक्षाकर्मियों की जान ली और कई क्षेत्रों को विकास से वंचित रखा। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एक ठोस और प्रभावी रणनीति अपनाई।

पिछले 11 वर्षों में, केंद्र सरकार की समन्वित, बहुआयामी रणनीति, जिसमें सुनियोजित सुरक्षा अभियान, अभूतपूर्व अवसंरचना विकास, वित्तीय दबाव, तीव्र विकास और एक आकर्षक आत्मसमर्पण नीति शामिल है, ने वामपंथी उग्रवाद को 2014 में 126 जिलों से घटाकर 2025 में मात्र 11 जिलों तक सीमित कर दिया है, जिनमें से केवल तीन ही सबसे अधिक प्रभावित बचे हैं, जो लाल गलियारे के लगभग खात्मे का संकेत है। अकेले साल 2025 में, 317 नक्सलियों शीर्ष नेतृत्व सहित को मार गिराया गया, 800 से अधिक को गिरफ्तार किया गया और लगभग 2,000 ने आत्मसमर्पण किया, जिससे नक्सलियों को अब तक की सबसे बड़ी क्षति मिली और मार्च 2026 तक नक्सल-मुक्त भारत की ओर तेजी से प्रगति हुई। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बस्तर संभाग नक्सल प्रभावित है। इसमें सात जिले शामिल हैं। ये जिले महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ सीमा साझा करते हैं, और लंबे समय से इसे माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माने जाते रहे हैं। पिछले कुछ सालों में इस क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान तेज हुए हैं, जिससे नक्सलवाद पर तगड़ा प्रहार हुआ है।

छत्तीसगढ़ में साल 2024 से अब तक सीपीआई माओवादी के महासचिव नंबाला केशवा राव उर्फ बसवराजू जैसे टॉप नक्सल लीडर सहित 500 से अधिक नक्सलियों को फोर्स ने एनकाउंटर में मार गिराया है। इस साल अब तक छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ में 23 माओवादी मारे जा चुके हैं। तीन जनवरी को, बस्तर क्षेत्र में दो मुठभेड़ में कुल 14 माओवादी मारे गए थे। जिस तरह से आत्मसमर्पण को लेकर नक्सलियों की संख्या बढ़ी है, उससे एक बात साफ है कि नक्सलियों के भीतर इस बात का भय बैठ गया है, कि 31 मार्च तक आत्मसमर्पण नहीं किया गया तो सरकार किसी तरह के समझौते के मूड में अब नहीं है। इसका परिणाम भी दिखा है। छत्तीसगढ़ में नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाल रहे माओवादी कमांडर जो यहां रहे वे सभी मारे गए हैं। हिड़मा से लेकर जिन लोगों को भी छत्तीसगढ़ में कमान दी गई थी, या तो वह राज्य छोड़कर चले गए या फिर न्यूट्रलाइज हुए हैं। बचे हुए कैडर के पास अब इतनी क्षमता नहीं बची, कि वो नक्सल अभियान को आगे लेकर चल सकें। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लिए नेशनल पार्क का 2799 वर्ग किलोमीटर का इलाका सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता था। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना का बॉर्डर इलाका घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा है। माओवादी इसे अपने कॉरिडोर के रूप में उपयोग करते थे, यह भी कहा जा सकता है, कि यह इलाका नक्सलियों



का सबसे अभेद दुर्ग वाला इलाका रहा है। कभी नक्सलियों के अभेद किले के रूप में जाने जाने वाला नेशनल पार्क एनकाउंटर जोन बनता जा रहा है। अब सुरक्षाबलों के कैंप बन जाने के बाद यहां से लाल आतंक के पैर उखड़ने लगे हैं। साल 2025 के बाद जिस नक्सल अभियान को चलाया गया उसमें यह बात तय की गई, कि मानसून के मौसम में भी इस अभियान को नहीं रोका जाएगा। नक्सलवाद को खत्म करने को लेकर चलाए जा रहे अभियान में हेलीकॉप्टर मिल जाने के बाद सुरक्षाबलों को बहुत सहूलियत मिल गई। मॉनिटरिंग भी तेज हो गई।

नेशनल पार्क इलाके में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के बॉर्डर पर फोर्स तैनात होने के साथ ही सुरक्षा बलों ने कैंप खोल दिए, जिससे फोर्स की गतिविधियां तेज हो गईं। छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली एनकाउंटर और उसमें जिस तरीके के नक्सली मारे गए, उसके बाद छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियान को चलाने वाले बड़े नक्सली बचे ही नहीं हैं। जो भी नक्सली छत्तीसगढ़ में नक्सली संगठन को दिशा देते थे, उसके लिए रणनीति बनाते थे, उन तमाम नक्सलियों को या तो न्यूट्रलाइज किया गया या फिर कई ऐसे हैं जिन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। अब पूरा नक्सली संगठन ही नेतृत्व विहीन हो चुका है। यह एक बड़ी वजह है कि 60 दिनों के भीतर इसे पूरे तौर पर खत्म कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने एनआईए में एक समर्पित विभाग बनाकर नक्सलियों के वित्तपोषण पर प्रभावी ढंग से लगाम लगा दी है। इस विभाग ने 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है, जबकि राज्यों ने भी 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है और प्रवर्तन निदेशालय ने 12 करोड़ रुपये कुर्क किए हैं। इस एक साथ की गई कार्रवाई से शहरी नक्सलियों को गंभीर नैतिक और मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंची है और उनके सूचना युद्ध नेटवर्क पर नियंत्रण और भी कड़ा हो गया है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश के नक्सल मुक्त करने को लेकर बनी रणनीति में राज्यों के बीच समन्वय मजबूत आधार बना। राज्यों के बीच आपसी तालमेल नहीं होना नक्सलियों के सफल होने का एक कारण होता था। नक्सलियों को समाप्त करने को लेकर जब रणनीति तैयार होनी शुरू हुई, तो उसके लिए पहली लाइन समन्वय की बनाई गई, ताकि इस अभियान को बल मिले। बीती 8 फरवरी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुई एक विशेष कॉन्क्लेव के दौरान शाह ने माओवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की पुरजोर अपील की।

भारत सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क और मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार करके बुनियादी ढांचे को काफी मजबूत किया है, जिससे पहुंच, सुरक्षा प्रतिक्रिया और सामाजिक-आर्थिक एकीकरण में सुधार हुआ है। मई 2014 से अगस्त 2025 तक, केंद्र सरकार ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 12,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया है, जबकि कुल 17,589 किलोमीटर की परियोजनाओं को 20,815 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया है। इन सबके बीच नक्सलवाद के खत्म होने के बाद विकास की जिस बुनियाद को जमीन पर उतरना है, वह बहुत बड़ी चुनौती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण उन सरेंडर नक्सलियों की है जिन्होंने सरेंडर पॉलिसी के तहत आत्मसमर्पण किए हैं। उनको समाज की मुख्यधारा से जोड़े रखना बड़ी चुनौती है। यहां शासकीय कमजोरी या प्रशासनिक ढांचे की लचर व्यवस्था की कोई भी छाप इस अभियान को फेल करने की बड़ी वजह बन सकता है। इसमें सबसे जरूरी है आम सुविधाओं का विस्तार और जो लोग सरकार की व्यवस्था पर भरोसा करके आए हैं, उस भरोसे को कायम रखने के सरकार के वैसे निर्णय जो सिर्फ विकास के लिए जाने जाते हैं, सबसे बड़ी चुनौती हैं। वास्तव में, देश से नक्सलवाद का खत्म होना विकासवाद की उस अवधारणा की पहली कुंजी है, जिससे भारत पूरे विश्व के फलक पर एकजुट होकर सिर्फ विकास की लड़ाई लड़ेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।




**संसद सत्र**
अम्बरीष प्रजापति

# जनता की उम्मीदों पर भारी पड़ता 'हंगामा'

भारत की संसद भारतीय लोकतंत्र का मंदिर है जहां से देश की नीति और नियति तय होती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सत्र दर सत्र हंगामे की भेंट चढ़ने का एक चिंताजनक चलन बढ़ा है। जब संसद की कार्यवाही बाधित होती है, तो यह केवल शोर-शराबा नहीं होता, बल्कि देश के विकास की गति पर ब्रेक होता है। 2026 में हाल ही के सत्र में महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बोलना था लेकिन प्रधानमंत्री के बोलने से पहले ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस सत्र में 3 फरवरी को 36 मिनट, 4 फरवरी को 30 मिनट और 5 फरवरी को सिर्फ 12 मिनट संसद चली। संसद सत्र को 6 दिन में 42 घंटे चलना था लेकिन मात्र 7 घंटे 69 मिनट ही चला। 34 घंटे 31 मिनट का समय हंगामे के कारण बर्बाद हो गए। संसद सत्र के इन 6 दिनों में 25 करोड़ 89 लाख रुपये फिजूल में अपव्यय हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। सरकार हर सत्र में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयकों और नीतियों पर चर्चा के लिए तैयार रहती है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष की ओर से लोकतांत्रिक चर्चा के बजाय 'हंगामे' को एक हथियार बना लिया गया है। संसद का बाधित होना केवल सरकार की कार्यवाही रोकना नहीं, बल्कि देश की प्रगति में रोड़ा अटकाना है। संसद की कार्यवाही का बार-बार स्थगित होना अब एक सामान्य प्रक्रिया बनती जा रही है, लेकिन इसके पीछे छिपे आर्थिक और विधायी नुकसान इतने गहरे हैं कि वे आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को प्रभावित कर रहे हैं। संसद के हालिया सत्रों के आंकड़े बताते हैं कि जब सदन में संवाद होता है तो जनहित के कार्य सार्थक होते है, लेकिन गतिरोध होने पर जनता के करोड़ों रुपये और सैकड़ों घंटे पानी में बह जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सत्र के दौरान संसद चलाने का अनुमानित खर्च लगभग 2.5 लाख रुपए प्रति मिनट तक आता है। यदि पूरा एक दिन हंगामे की भेंट चढ़ता है तो लगभग 8 से 9 करोड़ का सार्वजनिक धन बर्बाद हो जाता है। सोचने वाली बात है, यही पैसा जो स्कूल, अस्पताल या बुनियादी ढांचे के निर्माण में खर्च हो सकता था, लेकिन हंगामे के कारण जनता का पैसा बिना किसी कार्य के बर्बाद हो रहा है। बीते संसद सत्रों में भी ऐसा कुछ हाल रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बजट सत्र 2024 में लोकसभा में 123%, राज्यसभा में 110% बजट पर चर्चा हुई। मानसून सत्र 2025 में लोकसभा में 29%, राज्यसभा में 34% चर्चा हुई। शीतकालीन सत्र 2025 में लोकसभा में 111%, राज्यसभा में 121% चर्चा हुई। हंगामे के कारण करीब दो-तिहाई समय बर्बाद हुआ। प्रश्नकाल के दौरान मानसून सत्र 2025 में लोकसभा में केवल 23% और राज्यसभा में मात्र 6% प्रश्नकाल का उपयोग हो पाया। इसका अर्थ है कि जनता के 100 में से 90 से ज्यादा सवालों के जवाब मंत्रियों को देने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी। मानसून सत्र 2025 में निर्धारित घंटों का लगभग 70% समय शोर-शराबे और स्थगन की भेंट चढ़ गया। लोकतंत्र में संसद वह स्थान है जहां सुझाव दिए जाते हैं और कमियां बताई जाती हैं। सरकार ने बार-बार स्पष्ट किया है कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार ने बजट सत्र 2024 और शीतकालीन सत्र 2025 में रिकॉर्ड बिल पेश किए, लेकिन विपक्ष ने चर्चा में भाग लेने की बजाय वेल में आकर नारेबाजी करना बेहतर समझा। ऐसे ही मानसून सत्र में हंगामे के बीच 8 विधेयक बिना किसी विस्तृत चर्चा के पारित हो गए। पक्ष व विपक्ष आपस में एक दूसरे को दोष देना मात्र ही समस्या का समाधान नहीं है। इसके लिए संसद में सार्थक बदलाव की आवश्यकता हैं। कार्यवाही का अनिवार्य समय तय हो। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि 'जितने घंटे हंगामे में बर्बाद हों, सदन उतनी ही देर अतिरिक्त चले' और सदन स्थगन होने पर सत्र पर होने वाला खर्च संसद सदस्यों के वेतन भत्ता से कटौती करने पर विचार किया जाना चाहिए। सदन की गरिमा भंग करने वाले सदस्यों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। सत्र के दौरान पक्ष व विपक्ष की तरफ से आरोप-प्रत्यारोप करने से बचना चाहिए, बल्कि आरोप-प्रत्यारोप के लिए दिन निर्धारित करने के संबंध में विचार किया जाना चाहिए ताकि संसद सत्र सुचारु रूप से चल सके। सरकार को भी विपक्ष की मांगों को सुनने के लिए उदारता दिखानी चाहिए ताकि टकराव की स्थिति न बने। संसद केवल ईंट-पत्थरों की इमारत नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं का केंद्र है। लोकतंत्र संवाद से चलता है, गतिरोध से नहीं। बार-बार का व्यवधान न केवल वित्तीय बर्बादी है, बल्कि इससे जनता का लोकतंत्र पर भरोसा कम भी होता है। सरकार की प्राथमिकता हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' रही है। विपक्ष को चाहिए कि वह विरोध करने की राजनीति छोड़कर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सहभागी बने।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पृथ्वी-जल-अग्नि-वायु व आकाश को मिला है देवता का दर्जा



संकलित
**दर्शन**

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम् की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्रोत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

## मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहां से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा-जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते में जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और सांस भी चढ़ने लग गई। एक-एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बांटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुंचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बांटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुंच पाएंगे, आखिर लालच ही बुरी बला है।

## बद्रीनाथ धाम बर्फ से ढका



उत्तराखंड के चमोली जिले में सोमवार को हुई ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच बद्रीनाथ धाम दिख रहा है।

## आज की पाती

### जीव-जंतु व वनस्पति की सुरक्षा जरूरी

जीव-जंतु व वनस्पति की सुरक्षा जरूरी आध्यात्मिक, सामाजिक, प्राकृतिक व किसी भी रूप से किसी भी जानवर और वनस्पति को नष्ट करना वर्जित है। विशेषकर वन और मनुष्य एक दूसरे के पर्याय ही हैं। इसलिए जल, जंगल व जमीन की निरंतर सुरक्षा और संरक्षण बहुत ही आवश्यक हो जाता है। प्रदेश के सम्पूर्ण प्राणिजात व वनस्पतिजात (फ्लोरा एंड फौना) का पूर्ण संरक्षण और संवर्धन निश्चित रूप से अनिवार्य है। जिस प्रकार हमारे सारे वातावरण में प्रत्येक पेड़-पौधे, जड़ी-बूटी का होना प्राकृतिक रूप से अनिवार्य है, उसी प्रकार छोटे से छोटे और बड़े से बड़े जंगली जानवरों की उपस्थिति भी बहुत ही आवश्यक है। यह सत्य है कि हमने ही जंगली जानवरों के अधिकार क्षेत्र में घुसपैठ कर दी है।

*– रमेश सरकार, भाटापारा*

## ट्रेंड

### विश्वास की परंपराएं मजबूत



भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियां मिलीं और विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं।
**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### वैश्विक पहचान पा रहा बस्तर




नक्सलियों ने जिस बस्तर को सदियों तक आईईडी और बारूदों के अंधकार में झोंक रखा था, मोदी जी के नेतृत्व में वहां की कला, संस्कृति, खान-पान और विरासत वैश्विक पहचान पा रही है। जगदलपुर में 'बस्तर पंडुम' में जनजातीय कला व संस्कृति की समृद्ध विरासत को दर्शाती प्रदर्शनी का अवलोकन किया। **-अमित शाह**, गृहमंत्री

### यूएस से तेल खरीद हमारे हित में



अमेरिका से तेल या एलएनजी, एलपीजी की खरीद भारत के अपने रणनीतिक हित में है, क्योंकि हम अपने तेल स्रोतों में विविधता ला रहे हैं। 'ट्रेड डील में यह तय नहीं होता है कि कौन किससे और क्या खरीदेगा। ट्रेड डील व्यापार के रास्ते को आसान बनाता है।
**-पीयूष गोयल**, केंद्रीय मंत्री

### किताब छप चुकी



रक्षा मंत्री ने गलत कहा कि किताब छपी नहीं है, जबकि वह छप चुकी है। राष्ट्रपति के भाषण पर भी एलओपी और विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। सत्तापक्ष के सदस्य ने कई किताबें कोट कर आपत्तिजनक बातें कहीं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। **-राहुल गांधी**, नेता विपक्ष

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में तमिल समाचार पत्र 'प्रस्तोता' पुरस्कृत



सिंगापुर की समाचार प्रस्तोता पावलाकंथम अजहागरसामी को देश में तमिल प्रसारण पत्रकारिता में उनके योगदान के लिए मीडियाकॉर्प के 'प्रधान विझा 2026' में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार तमिल प्रसारण पत्रकारिता में उनके असाधारण योगदान को मान्यता देता है। उनका करियर चार दशकों से भी अधिक समय का है और उन्होंने सिंगापुर के मीडिया जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। सिंगापुर के सरकारी स्वामित्व वाले मीडिया समूह 'मीडियाकॉर्प' ने रविवार को जारी एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि यह पुरस्कार वार्षिक समारोह के 21वें संस्करण के दौरान प्रदान किया गया जो सिंगापुर के भारतीय मनोरंजन जगत में उत्कृष्टता को सम्मानित करता है। सिंगापुर के राष्ट्रीय मीडिया नेटवर्क ने कहा, 'एक सम्मानित समाचार प्रस्तोता, मार्गदर्शक और उद्योग की मजबूत स्तंभ के रूप में चार दशकों से अधिक लंबे करियर में पावलाकंथम ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। वह आज भी रेडियो और टेलीविजन उद्योग में तमिल मीडिया पेशेवरों की नयी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती हैं।' शनिवार को मीडियाकॉर्प के थिएटर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदर्शन और कार्यक्रम श्रेणियों के तहत कुल 19 पुरस्कार दिए गए।

## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण



यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

# 'क्लासरूम में घुसकर छात्रा के सिर पर मारी गोली, फिर खुद को भी मारा'

एजेंसी ▶▶ तरनतारन

पंजाब के तरनतारन में एक लॉ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को उसके ही क्लासमेट ने गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी छात्र ने खुद को भी गोली मार ली. आरोपी की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृत छात्रा की पहचान संदीप कौर के तौर पर हुई। वहीं गोली चलाने वाले छात्र का नाम प्रिंस राज बताया जा रयह घटना कॉलेज के अंदर क्लासरूम में हुई। मौके पर मौजूद अन्य स्टूडेंट ने बताया कि क्लास के दौरान प्रिंस राज अचानक क्लास रूम में आया और उसने अपने बैग से पिस्टल निकाली और सामने बैठी संदीप को बेहद करीब से गोली मार दी। अचानक हुई फायरिंग से क्लासरूम में हड़कंप मच गया। छात्र और शिक्षक कुछ समझ पाते, उससे पहले आरोपी ने फिर से पिस्टल लोड की और अपने सिर पर गोली मार ली। आरोपी के पास से .32 बोर की पिस्टल बरामद हुआ। आरोपी छात्र प्रिंस राज के पिता भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

तरनतारन, पंजाब के मशहूर लॉ कॉलेज में बड़ी वारदात!

शिक्षा संस्थानों की सुरक्षा पर उठे बड़े सवाल

आरोपी ने कहा था, अगर तू मेरी नहीं तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा



### सगाई से हो गया था नाराज

बताया जा रहा है कि संदीप कौर की सगाई हो चुकी थी और इसके बाद प्रिंस राज नाराज हो गया था। छात्रा के परिवार का आरोप है कि उनकी बेटी को लगातार परेशान किया जा रहा था। परिवार के अनुसार आरोपी छात्र दो से तीन बार उनके घर भी गया था। मृतक संदीप कौर की बहन मनप्रीत कौर के अनुसार, शुक्रवार को प्रिंस ने संदीप को प्रपोज किया था। संदीप ने साफ मना कर दिया और कहा कि उसकी सगाई हो चुकी है और अब कुछ नहीं हो सकता. इसके बाद भी प्रिंस पीछे हटने को तैयार नहीं था। बहन ने बताया कि संदीप की मुलाकात कॉलेज में ही प्रिंस से हुई थी। यह एकतरफा प्यार था लेकिन आरोपी की हरकतें अस्थिर दिमाग वाली थीं। वह रोज संदीप को आई लाइक यू बोलता था। शुक्रवार को उसने संदीप से कहा था कि अगर तू मेरी नहीं तो किसी और की भी मैं नहीं होने दूंगा।

## लोकतंत्र समर्थक जिमी लाई को 20 साल की जेल

**हांगकांग।** हॉन्गकॉन्ग के लोकतंत्र समर्थक मीडिया कारोबारी जिमी लाई को विदेशी ताकतों से साठगांठ के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यह सजा शहर के विवादित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दी गई है, जिसे चीन ने 2019 के बड़े प्रदर्शनों के बाद लागू किया था। जिमी लाई ब्रिटिश नागरिक हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किए गए सैकड़ों लोगों में सबसे प्रमुख नाम हैं।


## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

### सूचना

क्रमांक 2927/दो-14-1/2025 बिलासपुर, दिनांक 06/02/2026

Adv. No. 05/Legal Assistant/2025

लीगल असिस्टेंट के पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 21/02/2026 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में आयोजित है।

साक्षात्कार के लिये पात्र अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं, जो अभ्यर्थी के साक्षात्कार के लिये अधिकृत प्रवेश पत्र होगा। कृपया ध्यान रखें कि किसी भी अभ्यर्थी को अन्य किसी भी माध्यम से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा।

(रजनीश श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार जनरल

जी. 252606560/2


प्रधानमंत्री कार्यालय ने लोकसभा सचिवालय को दिए निर्देश


# संसद में पीएम केयर-फंड से जुड़े सवाल पर रोक, कांग्रेस बोली- 'ये तानाशाही है'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने लोकसभा सचिवालय को निर्देश दिया है कि पीएम केअर्स, पीएमएनआरएफ और एनडीएफ से जुड़े सवाल संसद में नहीं उठाए जाएं। विपक्ष ने इसे संसद की भूमिका और सांसदों के अधिकारों पर हमला बताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने लोकसभा सचिवालय को निर्देश दिए हैं कि पीएम केअर्स फंड, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) और राष्ट्रीय रक्षा कोष (एनडीएफ) से जुड़े किसी भी तरह के सवाल लोकसभा में स्वीकार नहीं किए जाएं. इस निर्देश के बाद संसद की भूमिका, पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी ने सरकार पर तीखा हमला बोला है और इसे सांसदों के अधिकारों को सीमित करने की कोशिश बताया है।

### खास बातें

- पीएम केअर्स के अलावा दो और फंड से जुड़े सवाल नहीं उठाए जा सकेंगे अब
- पीएमओ के निर्देश पर हुआ सियासी संग्राम तेज




### पीएमओ का तर्क

रिपोर्ट के अनुसार, पीएमओ ने 30 जनवरी को लोकसभा सचिवालय को यह जानकारी दी थी। पीएमओ का तर्क है कि ये तीनों फंड पूरी तरह से लोगों के स्वैच्छिक दान से बने हैं और इनमें भारत सरकार के कंसॉलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया (सीएफआई) से कोई राशि नहीं दी जाती। इसलिए इन्हें सरकार की सीधी जिम्मेदारी या नियंत्रण में नहीं माना जा सकता. पीएमओ ने लोकसभा के नियमों का हवाला देते हुए कहा है कि नियम 41(2)(**viii**) और 41(2)(**xvii**) के तहत ऐसे विषयों पर सवाल नहीं पूछे जा सकते जिनकी प्राथमिक जिम्मेदारी सरकार पर न हो। इसके अलावा ऐसे संगठनों और व्यक्तियों से जुड़े हों जिनकी जवाबदेही सीधे सरकार को न हो। इसी आधार पर कहा गया है कि यदि कोई सांसद प्रश्नकाल, जीरो आवर नोटिस या स्पेशल मेंशन के जरिए इन फंडों पर जानकारी मांगता है, तो उसकी मांग को खारिज किया जा सकता है।

### ये है पीएम केअर्स फंड

पीएम केअर्स फंड की शुरुआत 27 मार्च 2020 को कोविड-19 महामारी के दौरान की गई थी। इसका मकसद आपात स्थितियों में राहत के लिए दान जुटाना था। यह एक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट है, जो ट्रस्ट डीड रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1908 के तहत रजिस्टर्ड है। 2022-23 के अंत तक इस फंड में करीब 6,283 करोड़ रुपये जमा थे। सरकार का कहना है कि यह किसी कानून या संविधान के तहत नहीं बना है और इसलिए आरटीआई के दायरे में नहीं आता। सुप्रीम कोर्ट भी इसे राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से अलग मान चुका है।

### पीएमएनआरएफ

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) की स्थापना जनवरी 1948 में हुई थी। शुरुआत में इसका उद्देश्य विभाजन के बाद आए शरणार्थियों की मदद करना था। अब इसका इस्तेमाल प्राकृतिक आपदाओं, बड़े हादसों और दंगों जैसी स्थितियों में पीड़ित परिवारों को राहत देने के लिए किया जाता है। यह भी पूरी तरह दान पर आधारित फंड है।

### विपक्ष ने पूछा- सरकार क्या कुछ छिपाना चाहती है

इस फैसले के सामने आते ही विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस पार्टी ने इसे संसद का अपमान और तानाशाही कदम बताया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सांसद जनता के प्रतिनिधि होते हैं और उन्हें जनहित से जुड़े सवाल पूछने से रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। पार्टी ने पूछा है कि अगर ये फंड जनता के पैसे से बने हैं, तो सरकार उनके इस्तेमाल पर जवाब क्यों नहीं देना चाहती। क्या सरकार कुछ छिपाना चाहती है? और क्या अब संसद सरकार की जवाबदेही तय करने की जगह सिर्फ औपचारिक मंच बनकर रह जाएगी?


## कार्यालय अधिष्ठाता राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

Phone No. 07774-297800
Email: deanmedicalcollegesurguja@gmail.com

क्रय/शाचिम/अम्बिकापुर दिनांक :- 06.02.2026

### // निविदा संशोधित सूचना //

कार्यालय के पत्र क्रमांक/FINACC-3901/84/2026/क्रय/शाचिम/अम्बिकापुर दिनांक 12.01.2026 के अनुसार पुस्तक एवं शोधपत्रिका क्रय हेतु निविदा जी- 252606017 आमंत्रित किया गया है, निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथी 16.02.2026 समय दोपहर 03 बजे तक निर्धारित किया गया है। उक्त आमंत्रण समाचार पत्रों में दिनांक 15.01.2026 को प्रकाशित हुआ है। छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम 4 के उपनियम 4.5 के अनुसार ग्लोबल निविदा प्रथम आमंत्रण 30 दिवस निर्धारित है। उपरोक्तानुसार दिनांक 13.02.2026 को 30 दिवस पूर्ण होता है। अतः निविदा प्रपत्र जमा एवं खोलने की तिथी निम्नानुसार संशोधित किया जाता है। अन्य जानकारी महाविद्यालय के वेबसाईट http://www.gmcambikapur.co.in में निरंतर अवलोकन कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 13/02/2026 समय-दोपहर 03 बजे तक।
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 13/02/2026 समय-संध्या 04 बजे।
स्थान :- राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

अधिष्ठाता
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर,
सरगुजा (छ.ग.)

जी. 252606567/1



## कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
website - tribal.cg.gov.in Phone-2263708 Fax - 2262558 E mail -

क्रमांक / EMRS/K-39/2025-26/12876 नवा रायपुर, दिनांक 6/2/2026

**छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिये कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की तिथि में वृद्धि की सूचना**

शिक्षण सत्र 2026-27 में छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा-6 वीं में प्रवेश हेतु नवीन प्रवेश दिशा-निर्देश के तहत सूचना जारी करते हुए ऑनलाईन पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in के माध्यम से दिनांक 07.02.2026 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है।

उपरोक्तानुसार अधिकृत पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि में निम्नानुसार वृद्धि की जाती है :-

| क्रमांक | विवरण | पूर्व में निर्धारित तिथि | वर्तमान में निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | दिनांक 07 फरवरी 2026 | दिनांक 11 फरवरी 2026 |
| 2 | ऑनलाईन भरे गये आवेदन में त्रुटि सुधार की तिथि | दिनांक 08 फरवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 | दिनांक 12 फरवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 |
| 3 | प्रवेश परीक्षा की तिथि | दिनांक 01 मार्च 2026 | पूर्ववत्, दिनांक 01 मार्च 2026 दिन- रविवार, को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक (02 घंटे) |

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास छत्तीसगढ, नवा रायपुर अटल नगर

जी. 252606542/2



## कार्यालय नगर पालिका परिषद कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

E-mail id - nagarpalikakatghora@gmail.com

क्रमांक/240/प्र.मं.आ.यो. 2.0/न.पा.प./2025 कटघोरा, दिनांक 09/02/2026

### दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना

छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक /7540/7241/2024/18 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 13/11/2024 के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत आबादी सर्वे (संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण) किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त पत्र के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिये आवास मिशन मोर जमीन मोर मकान अंतर्गत आबादी (सुरक्षित/प्रचलित) भूमि पर काबिज हितग्राहियों को निर्धारित दिशा-निर्देश अनुसार कट ऑफ तिथि दिनांक 31 अगस्त 2024 के पूर्व काबिज हितग्राहियों के आवेदन पत्रों पर नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा 39 हितग्राहियों की प्रथम सूची तैयार कर प्रकाशित की गई है, उक्त हितग्राहियों का काबिज विवाद मुक्त होने पर उक्त आशय के प्रमाण पत्र जारी किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर नगर पालिका परिषद कटघोरा कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में दस्तावेज आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। उक्त तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

सूचना जाने।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार हितग्राहियों की सूची।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कटघोरा



## कार्यालय, नगरपालिक निगम चिरमिरी, जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

क्र./3949/ तक.-11/न.पा.नि./2025-26, चिरमिरी, दिनांक 03.02.26

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

नगरपालिक निगम चिरमिरी के लोक निर्माण एवं भवन अनुज्ञा/स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग/जल कार्य/विद्युत-यांत्रिकी/सामान्य प्रशासन/उद्यानिकी/अग्निशमन/परिसम्पत्तियों का रख-रखाव/ई-गवर्नेंस परियोजना विभाग हेतु उच्च कुशल/कुशल/अर्द्धकुशल/अकुशल श्रमिक प्रदाय हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 184895 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के लोक निर्माण एवं भवन अनुज्ञा/जल कार्य/विद्युत-यांत्रिकी/ सामान्य प्रशासन/अग्निशमन /परिसम्पत्तियों का रख-रखाव / ई-गवर्नेंस परियोजना विभाग हेतु उच्च कुशल / कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिक प्रदाय (91 श्रमिक) | 163.99 | 1,23,000/- | 12 माह |
| 184901 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के उद्यानिकी विभाग हेतु अकुशल श्रमिक प्रदाय (40 श्रमिक) | 65.37 | 49,050/- | 12 माह |
| 184913 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग हेतु अकुशल श्रमिक प्रदाय (93 श्रमिक) | 151.97 | 1,14,000/- | 12 माह |
| 184921 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग हेतु "स्वच्छता कमाण्डो" (अकुशल श्रमिक - 25 श्रमिक) प्रदाय | 40.85 | 30,650/- | 12 माह |

उपरोक्तानुसार निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in मे देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी.(छ.ग.)

सं. 46834



## संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छत्तीसगढ़

विभागाध्यक्ष कार्यालय, नॉर्थ-ब्लॉक, सेक्टर-19, प्रथम तल, नवा रायपुर अटल नगर

क्रमांक/03/नर्सिंग/ESTB-101(3)/37/2026 नवा रायपुर दिनांक 06.02.2026

### केविएट सूचना

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छ.ग. अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेश दिनांक 14.08.2024 द्वारा संभाग/जिला स्तरीय (स्टॉफ नर्स, सायकेट्रिक नर्स, ओ.टी. टेक्नीशियन, डेंटल टेक्नीशियन, सहायक ग्रेड-3, ग्रामिण स्वास्थ्य संयोजक (पुरुष/महिला), फार्मासिस्ट ग्रेड-2, ड्रेसर ग्रेड-1, वार्ड ब्यॉय, वार्ड आया) पदो के कुल 650 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती करने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त आदेश के अनुसरण में, इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन दिनांक 24.09.2024, 13.08.2025, 16.06.2025 एवं 11.09.2025 को जारी किए गए हैं। इन पदों पर नियुक्ति छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से की गई है और उनका परीणाम संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छ.ग. को भेज दिया गया है। यह निवेदन है कि, छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल से परीणाम प्राप्त होने के बाद, दिनांक 13.01.2026 के आदेश के अनुसार चयन समितियों के गठन द्वारा उपयुक्त संभाग स्तर और जिला स्तरीय पदों को भरने की कार्यवाही शुरु कर दी गई है और यह प्रक्रिया जारी है। आशंका है कि पीड़ित व्यक्ति/प्रस्तावित याचिकाकार्ता उपयुक्त संभाग स्तर और जिला स्तरीय पदों को भरने के लिए शुरु की गई कार्यवाही को चुनौती देते हुए याचिका दायर कर इस माननीय न्यायालय में आ सकते है। और इसके विरुद्ध अंतरिम आदेश की भी मांग कर सकते है। ऐसी याचिका दायर होने की स्थिति में, न्याय के हित में यह आवश्यक होगा कि कोई भी आदेश पारित करने से पहले याचिकाकर्ताओं/राज्य सरकार को सुनवाई का अवसर दिया जाए।

संचालक स्वास्थ्य सेवायें द्वारा अनुमोदित।

उप संचालक (अविज्ञप्त/नर्सिंग)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ़

जी. 252606549/2



## Chhattisgarh Rural Roads Development Agency

VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)

### E-Procurement Tender Notice

NIT No. 1098 & 1099/TC-T/CGRRDA/2025 Dated 06/02/2026

The Chief Engineer (Tender Cell), CGRRDA on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for Consultants for Bridge & Survey, Study & Construction & Maintenance of Long Span Bridges budget 2025-26 Detail Investigation and Preparation of Detail Project Report for Rural Roads Under for PMGSY-IV, sanctioned for different districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

| S. No | NIT No | Work Name | Amount (Rs. in Lakhs) | Districts | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1098 | DPR Consultant for Bridge Under for PMGSY-IV | - | All Districts in Chhattisgarh | Percentage Rate Tender |
| 02 | 1099 | Construction & Maintenance of Long Span Bridges budget 2025-26 | Total Cost Rs 2986.67 Lakhs (Const. Cost 12664.61 Lakhs, Main Cost 315.08 lakhs.) (Excluding GST) | Bastar, Kanker, MCB, Kabirdham, | Percentage Rate Tender For LSB Part PWD SOR 01.01.2025 & Approach road PMGSY SOR 22.02.2018 |

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details be viewed can on our website https://eproc.cgstate.gov.in from 09.02.2026 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Chief Engineer (Tender Cell)
Chhattisgarh Rural Road Development Agency Civil Lines, Raipur (C.G.)
Email: pmgsyrc4@yahoo.co.in

S-46839


## राशिफल

**मेष** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


## एपस्टीन फाइल्स : नॉर्वे की राजदूत का इस्तीफा

**ओस्लो।** नॉर्वे की राजनयिक और जॉर्डन में तैनात राजदूत मोना यूल ने इस्तीफा दे दिया है।



उन पर अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से संपर्क को लेकर सवाल उठे थे। नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने रविवार शाम उनके इस्तीफे की पुष्टि की। मामला सामने आने के बाद मोना यूल को कुछ दिन पहले ही जॉर्डन में राजदूत के पद से निलंबित किया गया था। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि एपस्टीन ने 2019 में जेल में आत्महत्या से पहले बनाई गई वसीयत में यूल और उनके पति बच्चों के लिए 1 करोड़ डॉलर छोड़े थे। नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे ने कहा कि मोना यूल का इस्तीफा सही और जरूरी फैसला है।


## शब्द पहेली - 6134



**बाएँ से दाएं**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 6133 का हल



## सूडोकु नवताल - 6144

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

**खबर संक्षेप**

## रुपया नौ पैसे टूटकर 90.74 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में नौ पैसे टूटकर 90.74 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि व्यापारी भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार ढांचे के विवरण का आकलन करते नजर आए। विदेशी पूंजी के समर्थन पर निवेशकों के जोखिम से बचने के रवैये का असर पड़ा।

## बजाज इलेक्ट्रिकल्स को 34.1 करोड़ रुपए का घाटा

**नई दिल्ली।** बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 34.10 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। लाभ मार्जिन में कमी और नयी श्रम संहिताओं के प्रभाव के कारण उसे यह घाटा उठाना पड़ा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसे 33.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने दिसंबर तिमाही में 28.89 करोड़ रुपये का अपवाद स्वरूप घाटा दर्ज किया, जो मुख्य रूप से नए श्रम कानूनों के कार्यान्वयन के कारण हुआ। आलोच्य तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 18.5 प्रतिशत घटकर 1,050.91 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 1,289.72 करोड़ रुपये था।

## मेकमाइट्रिप ने माइनर होटल्स से किया करार



**नई दिल्ली।** नैस्डैक में सूचीबद्ध यात्रा बुकिंग मंच मेकमाइट्रिप ने सोमवार को दुनिया भर में 560 से अधिक संपत्तियों का संचालन करने वाले वैश्विक आतिथ्य समूह माइनर होटल्स के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह सहयोग भारतीय यात्रियों के लिए यूरोप, एशिया और पश्चिम एशिया के शहरों और रिसॉर्ट स्थलों में अंतरराष्ट्रीय प्रवास के विकल्पों को बढ़ाएगा। इनकी बुकिंग मेकमाइट्रिप के मंच से की जा सकती है। यह साझेदारी मेकमाइट्रिप की अपने प्रत्यक्ष अंतरराष्ट्रीय होटल विकल्पों को बढ़ाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। माइनर होटल्स के पोर्टफोलियो में अनतारा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, एलीवाना कलेक्शन, द वोस्ले होटल्स, टिवोली होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, माइनर रिजर्व कलेक्शन, एनएच कलेक्शन, एनहाउ, अवानी, कोल्बर्ट कलेक्शन, एनएच होटल्स, ओक्स और आईस्टे होटल्स जैसे ब्रांड शामिल हैं।


**न्यायालय में, श्रीमान सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

सुन्दरलाल पाव वगैरह.....आवेदकगण

बनाम

1. पूरन पाव पिता लक्षमण पाव निवासी ग्राम सड्डी, थाना-कोतमा, जिला-अनूपपुर म.प्र.-वाहन चालक 2. मोहन यादव पिता लक्षमण प्रसाद यादव निवासी ग्राम बहतराई थाना व तहसील - सरकण्डा जिला बिलासपुर छ.ग.- वाहन मालिक........अनावेदकगण

दावा बागत क्षतिपूर्ति आवेदन पत्र अंतर्गत धारा - 166 मोटरयान अधिनियम ।
दावा मालियती - 23,30000 /- रुपए
सीएनआर नं. - MP65050035052022
आगामी तारीख पेशी - 28/02/2026

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को जरिये प्रकाशन एतत द्वारा सूचित किया जाता है कि जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर - 98 / 2022 सुन्दर लाल वगैरह बनाम पूरन पाव वगैरह अतिरिक्त सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण महोदय कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र. के समक्ष विचाराधीन है जिसमें आप अनावेदक क्र. - 02 मोहन यादव पिता लक्षमण प्रसाद यादव निवासी-ग्राम बहतराई, थाना व तहसील - सरकण्डा, जिला-बिलासपुर छ.ग. को उक्त प्रकरण में तलबी हेतु रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कई बार सूचित किया गया किन्तु उक्त पते पर आपकी तलवी नही हो सकी जिस कारण इस इश्तहार के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में आप उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करें इसके अतिरिक्त उक्त प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय किया जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी जिस कारण आगामी पेशी तारीख -28/02/2026 समय - 11:00 बजे सुबह उपस्थित हो जिस हेतु यह इश्तहार प्रकाशित है। आगामी पेशी तारीख पश्चात आपके संबंध में न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण में कोई कार्यवाही नही की जायेगी ।

इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से दिनांक - 02/02/26 जारी ।

स्थान- कोतमा
दिनांक- 02/02/2026
सील
(विक्रम सिंह)
सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)


# आयकर कानून का नया नियम अनुपालन बोझ को करेगा कम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नये आयकर कानून के लिए जारी नियमों का मसौदा एवं फॉर्म को काफी सरल बनाया गया है। इसमें नियमों की संख्या लगभग 35 प्रतिशत घटाकर 333 कर दी गयी है जबकि फॉर्म की संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की कटौती की गयी है।


- नियमों की संख्या घटाकर 333 कर दी गई

इस पहल का मकसद करदाताओं के लिए प्रावधानों को सरल बनाना, अनुपालन बोझ को कम करना और व्यवस्था को करदाताओं के अनुकूल बनाना है। उन्होंने कहा कि नये मसौदा नियम और फॉर्म पर लोगों के सुझाव आने के बाद इसे मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किया जाएगा।

**मार्च के पहले सप्ताह में होगा अधिसूचित**

### फार्म की भाषा आसान बनाई गई

सूत्रों ने कहा, '' परिचालन, प्रशासनिक या कानूनी उलझन से बचने के लिए फॉर्म की भाषा को आसान बनाया गया है।'' एक सवाल के जवाब में सूत्र ने कहा कि इससे कर अनुपालन सुगम एवं बेहतर होगा। साथ ही कर विभाग की परिचालन क्षमता और मजबूत होगी जिससे कर चोरी पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।




### फार्म का मानकीकरण किया गया

आयकर नियम ,1962 के तहत इसकी संख्या क्रमशः 511 और 399 थी। प्रस्तावित आयकर नियम में भाषा को सरल बनाया गया है और उन अनुपालन को हटाया गया है जिनकी जरूरत अब नहीं रह गयी है। इसके साथ अनुपालन को सुगम बनाने के लिए फॉर्म का मानकीकरण किया गया है।

*अनावश्यक प्रावधान समाप्त किए गए : इसके अलावा, नियमों को आयकर कानून, 2025 के साथ संबद्ध किया गया है और अनावश्यक प्रावधानों को समाप्त किया गया है। सूत्रों ने कहा, ''नियमों को और फॉर्म को 'रि-इंजीनियर' किया गया है। इसके तहत नियमों को आयकर कानून, 2025 के साथ संबद्ध किया गया है और अनवाश्यक प्रावधानों को समाप्त किया गया है।*

### नया कानून 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा

उल्लेखनीय है कि कर विभाग ने बीते सप्ताह शनिवार को नये आयकर कानून, 2025 के तहत नियमों का मसौदा एवं फॉर्म जारी किये थे। आयकर विभाग ने 22 फरवरी तक आयकर नियम, 2026 के मसौदा नियम और फॉर्म पर संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं। नया आयकर कानून, 2025 एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा।

### आयकर कानून 1961 की जगह लेगा

यह छह दशक से अधिक पुराने आयकर कानून, 1961 की जगह लेगा। आयकर विभाग के सूत्रों ने नियमों के मसौदे और फॉर्म के बारे में जानकारी देते हुए कहा, आयकर नियम और फॉर्म को युक्तिसंगत बनाया गया है। प्रस्तावित आयकर नियम, 2026 के तहत नियमों की संख्या घटाकर 333 जबकि फॉर्म की संख्या घटाकर 190 की गयी है।

## नियमों को अंतिम रूप देने मार्च के पहले सप्ताह में होगा अधिसूचित

# आयकर नियम में पैन उल्लेख करने के लिए लेन-देन सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आयकर नियम के मसौदे में बैंकों में नकद जमा/निकासी, गाड़ी और संपत्ति खरीदने और होटल बिल भुगतान के लिए पैन का उल्लेख करने को लेकर लेन-देन सीमा को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने का प्रस्ताव है। मसौदे में नियोक्ताओं द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का मूल्य बढ़ाने और क्रिप्टो एक्सचेंज के लिए कर विभाग के साथ जानकारी साझा करना अनिवार्य करने का भी प्रस्ताव है।

इसमें केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर भी शामिल किया गया है। मसौदा नियम में आवास किराया भत्ते (एचआरए) का दावा करने के मकसद से बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को शामिल करने के लिए श्रेणी-1 महानगरों की सूची का विस्तार किया गया है। इस सूची में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई शामिल हैं।

**50 हजार से अधिक भुगतान पर पैन बताना जरूरी**



किसी भी अचल संपति की खरीद या बिक्री या गिफ्ट या संयुक्त विकास समझौते के मामले में, अगर सौदा लागत 20 लाख रुपये ज्यादा है, तो पैन जरूरी होगा, जबकि अभी यह सीमा 10 लाख रुपये है। मसौदा नियमों के तहत, बीमा कंपनी के साथ खाता आधारित संबंध शुरू करने के लिए पैन जरूरी होगा। अभी, एक वित्त वर्ष में जीवन बीमा प्रीमियम के तौर पर 50,000 रुपये से अधिक के भुगतान के लिए पैन जरूरी है।

**खास बातें**

- श्रेणी-1 महानगरों की सूची का विस्तार किया गया है
- सूची में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई शामिल हैं
- बैंकों में नकद जमा, निकासी आदि भुगतान में पैन नंबर जरूरी

*वाहन की कीमत पांच लाख से अधिक तो पैन जरूरी : वाहन (मोटर साइकिल सहित) खरीदने के मामले में, अगर कीमत पांच लाख रुपये से ज्यादा है, तो खरीदार को अपना पैन बताना होगा। मौजूदा आयकर नियम, 1962 में दोपहिया वाहन खरीदने के लिए पैन बताने का नियम नहीं है, जबकि मोटर वाहनों के लिए कीमत चाहे जो भी हो, इसकी जानकारी देना जरूरी था।*

*10 लाख से ज्यादा नकद जमा पर पैन बताना जरूरी : प्रस्तावित आयकर नियम, 2026 के अनुसार, किसी व्यक्ति के एक या ज्यादा खातों में, एक वित वर्ष में कुल 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा नकद जमा करने या निकालने के लिए स्थायी खाता संख्या (पैन) बताना जरूरी होगा। अभी, किसी बैंक, कंपनी या सहकारी बैंक में किसी भी एक दिन में 50,000 रुपये से ज्यादा नकद जमा करने पर पैन जरूरी है।*

*नया कानून एक अप्रैल से होगा लागू वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) संबंधित पक्षों से सलाह के बाद नियमों को अंतिम रूप देगा और मार्च के पहले सप्ताह तक उन्हें अधिसूचित करेगा। आयकर कानून, 2025 को लागू करने के लिए आयकर नियमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नया आयकर कानून एक अप्रैल से लागू होगा।*

### मकसद जरूरी जानकारी लेना

सूत्रों ने कहा कि पैन बताने की सीमा को सही करने के पीछे मकसद सिर्फ 'जरूरी जानकारी' लेना है। वर्तमान में बाजार की वास्तविकताओं को देखते हुए, सरकारी गाड़ियों और मुफ्त खाने के लिए कर मुक्त सुविधाओं का मूल्य बढ़ाने का प्रस्ताव है।

### कम क्षमता वाली कार का भत्ता 8000 प्रति माह

मोटर कार के लिए, 1.6 लीटर से कम इंजन क्षमता वाली कार का भत्ता 8,000 रुपये प्रति महीना होगा, जबकि दूसरों के लिए यह 10,000 रुपये प्रति महीना होगा। इनमें चालकों के लिए भत्ता भी शामिल होगा। मसौदा नियमों में क्रिप्टो-संपत्ति सेवा प्रदाताओं के लिए विस्तृत रिपोर्टिंग और जांच-पड़ताल की जिम्मेदारियों का भी प्रस्ताव है।

# भारत का खाद्य तेल उत्पादन 96 लाख टन होने का अनुमान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- 1.67 करोड़ टन आयात की जरूरत : आईवीपीए
- भारत सोयाबीन तेल का आयात अर्जेंटीना व ब्राजील से करता है

उद्योग निकाय आईवीपीए के अनुसार, 2025-26 विपणन वर्ष में भारत में खाद्य तेल उत्पादन 96 लाख टन होने का अनुमान है, और घरेलू मांग को पूरा करने के लिए इसे लगभग 1.67 करोड़ टन खाद्य तेल का आयात करना होगा।

भारत मुख्य रूप से अर्जेंटीना और ब्राजील से सोयाबीन तेल आयात का करता है, जबकि देश मलेशिया और इंडोनेशिया से पाम तेल खरीदता है। कुल घरेलू मांग में से, देश को लगभग 60 प्रतिशत मात्रा का आयात करना पड़ता है।

कुआलालंपुर में सम्मेलन को संबोधित करते हुए, भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ के अध्यक्ष सुधाकर देसाई ने कहा कि ''वैश्विक खाद्य तेल बाजार व्यापार पुनर्गठन और आपूर्ति की दिक्कतों के कारण संरचनात्मक अस्थिरता के दौर में प्रवेश कर गए हैं। सोमवार को एक बयान में देसाई ने, जो इमामी एग्रोटेक लिमिटेड के सीईओ भी हैं, ने कहा कि भू-राजनीतिक पुनर्गठन ने वैश्विक व्यापार गलियारों को बदल दिया है। भारत के लिए निहितार्थ' विषय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'शुल्क या व्यापार प्रवाह में छोटे समायोजन अब आपूर्ति श्रृंखला में असमान मूल्य उतार-चढ़ाव पैदा कर रहे हैं।

### पामतेल का आयात घटकर 80 लाख टन

*देसाई ने कहा कि विपणन वर्ष 2025-26 में, कुल आयात में 80-85 लाख टन पाम तेल, 50-55 लाख टन सोयाबीन तेल, 28-30 लाख टन सूरजमुखी तेल, और लगभग 2 लाख टन अन्य तेल शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें नेपाल के माध्यम दो किए गए शून्य-मुक्त आयात भी शामिल हैं।*

### भारत जरूरत का मात्र 40 फीसदी पूरा करता है

देसाई ने अनुमान लगाया कि तेल वर्ष 2025-26 (अक्टूबर-सितंबर) में भारत का घरेलू खाद्य तेल उत्पादन 96 लाख टन होने का अनुमान है, जो भारतीय जरूरतों का केवल लगभग 40 प्रतिशत पूरा करता है। इसका मतलब है कि लगभग 1.67 करोड़ टन के लिए आयात पर निर्भरता होगी।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से बाजार में तेजी

एजेंसी ▸▸| मुंबई

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उत्साह और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में जोरदार लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

इस दौरान तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 485.35 अंक बढ़कर 84,065.75 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 734.28 अंक तक चढ़कर 84,314.68 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी 173.60 अंक बढ़कर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा।



- सेंसेक्स 485 अंक चढ़कर 84,000 अंक के पार
- बैंक, एफएमसीजी व रियल्टी शेयरों में रही तेजी

*एसबीआई में आई तेजी*

*सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मास्युटिकल्स और एशियन पेंट्स में उल्लेखनीय तेजी हुई।*

*पावरग्रिड रहा नुकसान में*

*पावरग्रिड, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे।*

# एमएसई के लिए गारंटीमुक्त ऋण सीमा बढ़कर 25 लाख




एजेंसी ▸▸| मुंबई

- आरबीआई ने संबंधित निर्देशों में किया संशोधन
- बिना गारंटी वाले ऋण की सीमा 20 लाख रुपए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि बैंक बेहतर पृष्ठभूमि और मजबूत वित्तीय स्थिति वाली सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों (एमएसई) को 25 लाख रुपये तक का गारंटीमुक्त ऋण दे सकते हैं।

केंद्रीय बैंक ने इसके लिए 'सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को ऋण' से संबंधित निर्देशों में संशोधन किया है। आरबीआई ने बताया कि मौजूदा नियमों में संशोधन कर सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए बिना गारंटी वाले ऋण की अनिवार्य सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है।

आरबीआई ने कहा, /"बैंक अपनी आंतरिक नीति के अनुसार, एमएसई इकाइयों के बेहतर पृष्ठभूमि और वित्तीय स्थिति के आधार पर, 25 लाख रुपये तक के ऋण के लिए 'गारंटी' की आवश्यकता को समाप्त करने की सीमा बढ़ा सकते हैं।/ इसके अलावा, बैंक जहां लागू हो वहां 'क्रेडिट गारंटी योजना' के कवर का लाभ भी उठा सकते हैं। संशोधित निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि ऋण लेने वाला व्यक्ति बिना गारंटी वाली सीमा तक के ऋण के लिए अपनी मर्जी से सोना या चांदी गिरवी रखता है, तो इसे उपरोक्त नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

### 1 अप्रैल 2026 से होंगे प्रभावी

इन संशोधनों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए आरबीआई ने कहा कि इसका उद्देश्य उन सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण वितरण की अंतिम कड़ी को मजबूत करना है, जिनके पास गारंटी के तौर पर गिरवी रखने के लिए सीमित संपत्ति है।ये संशोधित निर्देश एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होंगे।

## जायडस लाइफसाइंसेज का लाभ बढ़कर 1042 करोड़




**नई दिल्ली।** जायडस लाइफ साइंसेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.81 प्रतिशत बढ़कर 1,042.1 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में मुनाफा 1,023.5 करोड़ रुपये रहा था। जायडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 6,864.5 करोड़ रुपये रही जो गत वित्त वर्ष साल की समान अवधि में 5,269.1 करोड़ रुपये थी। तीसरी तिमाही में कुल खर्च बढ़कर 5,537.6 करोड़ रुपये हो गया जबकि 2024-25 की इसी अवधि में यह 4,142.5 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में नई श्रम संहिता लागू होने के कारण उसे 84.9 करोड़ रुपये का एकमुश्त भार झेलना पड़ा। जायडस लाइफसाइंसेज के प्रबंध निदेशक शरविल पटेल ने कहा, '' तीसरी तिमाही में प्रमुख कारोबार क्षेत्रों में हमारा मजबूत प्रदर्शन हमारे मूल व्यवसाय की ताकत और विस्तार क्षमता को दर्शाता है।''


स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

जन जन का संकल्प
फाइलेरिया (हाथीपांव) मुक्त भारत



" हमारा संकल्प है - हेल्थकेयर फॉर ऑल " - श्री नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

10 फरवरी का दिन फाइलेरिया के खिलाफ देश की लड़ाई के लिए महत्वपूर्ण है।

फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है, इसके लक्षण काटने के 5-15 साल बाद दिखाई देते हैं, इससे हाथीपांव एवं अंडकोष में सूजन हो सकती है।

10 फरवरी 2026 से सर्वजन दवा सेवन (MDA) अभियान देश के 12 राज्यों (आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल) के 124 जिलों में 2 हफ्तों तक चलेगा।

इस दिन से स्वास्थ्यकर्मी आपके घर आ कर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगे, आप जरूर खाएं।

यह दवाई सरकार द्वारा आपके नजदीकी बूथ पर भी निःशुल्क उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र एवं आशा दीदी से संपर्क करें।



आइए, सब मिलकर भारत को फाइलेरिया मुक्त बनाएं



cbc 17101/13/0051/2526

CBC 17101/13/0051/2526

mohfw.gov.in @MoHFWIndia @MoHFW_INDIA @mohfwindia mohfwindia @mohfw_india @mohfw_india @dohfw.india

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अपनी लोकल ट्रेन,...

दैनिक यात्री अक्सर टिकट लेने से कतरा रहे हैं। वहीं, लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच में अत्यधिक भीड़ होने के कारण टीटीई अंदर जाकर जांच नहीं कर पाते, जिसका फायदा यात्री उठा रहे हैं। नियमित जांच में कमी आने से यात्रियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। यद्यपि अभियान से एक लाख की वसूली हुई, लेकिन नियमित मॉनिटरिंग के अभाव में रेलवे को प्रतिदिन हजारों से लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वर्तमान व्यवस्था में टीटीई अक्सर स्टेशन के बाहर गेट पर ही टिकट चेक करते हैं, लेकिन चलती ट्रेनों विशेषकर लोकल में चेकिंग न के बराबर हो रही है।

### बस्तर की पहचान...

आमंत्रित किया जाएगा, जहां उन्हें अपनी कला के प्रदर्शन के साथ सहभोज का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के 7 जिलों की 32 जनपद पंचायतों और 1885 ग्राम पंचायतों से आए 53 हजार से अधिक लोक कलाकारों ने 12 विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन लोककलाओं के संरक्षण और संवर्धन का कार्य बस्तर पंडुम के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि बस्तर जैसी सांस्कृतिक समृद्धि विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलती। प्रभु श्रीराम के समय से यहां के लोगों ने अपनी परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की 700 से अधिक जनजातियों की संस्कृति और पारंपरिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए धरती आबा योजना और पीएम जनमन योजना जैसी योजनाएं लागू की गई हैं।

**40 गांवों में गोलियों की जगह स्कूल की घंटियां-** केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़क,पुल-पुलिया, मोबाइल टॉवर, राशन वितरण, शुद्ध पेयजल,आधार और आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। जिन 40 गांवों में कभी विकास का नामोनिशान नहीं था, वहां अब स्कूल खुल चुके हैं और गोलियों की आवाज की जगह स्कूल की घंटियां सुनाई दे रही हैं। उन्होंने मंच से यह भी जानकारी दी कि बस्तर जिले में 118 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा तथा दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों में 2 लाख 75 हजार एकड़ सिंचाई के लिए 220 मेगावॉट बिजली उत्पादन का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। साथ ही दूरस्थ अंचलों को जोड़ने के लिए रेल परियोजनाओं और नदी जोड़ो परियोजना का विस्तार किया जाएगा। **राष्ट्रपति भवन में भोजन करेंगे विजेता-** श्री शाह ने बस्तर पंडुम के उद्घाटन समारोह में आने के लिए राष्ट्रपति जी का धन्यवाद किया। श्री शाह ने बताया कि उन्होंने सभी 12 विधाओं में पहले तीन स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रपति भवन में भोजन पर बुलाने का अनुरोध किया था, जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है। श्री शाह ने कहा कि ये प्रतिभागी देश के राष्ट्रपति भवन में अपनी संस्कृति और कला का प्रदर्शन करेंगे, यह बहुत बड़ा सम्मान का विषय है।

### पांच रुपए का...

पूर्व 30 अक्टूबर 2023 को मोइनुद्दीन ने अंतरा मार्ट में खाद्य पदार्थ की खरीदी की थी। मोइनुद्दीन ने बिल की राशि भुगतान करने बिल काउंटर पहुंच कर सामान रखने कैरी बैग की मांग की। तब परिवादी को बिना कुछ कहे कैरी बैग दे दिया गया।

### रिटायरमेंट के 6 महीने...

जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ निवासी लक्ष्मीनारायण तिवारी से जुड़ा है। वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ससहा में व्याख्याता के पद पर पदस्थ थे। लक्ष्मीनारायण तिवारी 31 जनवरी 2011 को 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर रिटायरमेंट हुए थे। रिटायरमेंट के करीब 12 साल बाद महालेखाकार कार्यालय रायपुर ने उनके जीपीएफ खाते में ऋणात्मक शेष दर्शाते हुए उनके खिलाफ वसूली आदेश जारी कर दिया। इस आदेश से परेशान होकर लक्ष्मीनारायण तिवारी ने अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय और ऋषभदेव साहू के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर वसूली आदेश को चुनौती दी।

### छात्र ने पूछा-परीक्षा...

की गई, जिससे 42 हजार लोगों ने लाभ प्राप्त किया। द्वितीय चरण में रायपुर जिले के माना कैम्प स्थित पीएम श्री नवोदय विद्यालय के कक्षा 11वीं के विद्यार्थी तेजस चन्द्राकर को प्रधानमंत्री से प्रश्न पूछने का अवसर प्राप्त हुआ। तेजस ने परीक्षा के बाद भ्रमण योग्य स्थलों के संबंध में जानकारी चाही। पीएम ने श्री तेजस को उसके निवास तहसील से प्रारंभ करते हुए, तहसील, जिला एवं राज्य स्तर पर देखने योग्य स्थलों की सूची तैयार करने, उनके भ्रमण की योजना बनाने तथा इन यात्राओं को सीखने के अवसर के रूप में अपनाने का प्रेरणादायक सुझाव दिया।

### पहले चरण में...

समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए 478 सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम देखने की व्यवस्था की गई, जहां लगभग 42 हजार नागरिकों ने कार्यक्रम का लाभ उठाया। प्रथम चरण में महासमुंद जिले की कक्षा 12वीं की छात्रा सृष्टि साहू को प्रधानमंत्री से सीधे प्रश्न पूछने का अवसर प्राप्त हुआ था।

### इन निकायों को...

किरोडीमल नगर, घरघोड़ा, माना-कैंप, कोरों, केशकाल, शिवरीनारायण, लैलूंगा, नरहरपुर, कसडोल, डभरा, नवागढ़ (ब), जैजैपुर, गौरेला, मल्हार, सारागांव, प्रेमनगर, भखारा बरमकेला, नवागढ़ (ज), राजपुर, छुरिया, रहौद, गुण्डरदेही, मटगाव, धरमजयगढ़, पुसौर, कुस, चन्द्रखुरी, कटघोरा, देवकर, गीदम, बिलाईगढ़, सरिया शामिल है।

### सिर्फ 13 मिनट...

के मामले में अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव के लिए नोटिस देने पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस नोटिस पर अधिक से अधिक विपक्षी दलों के सांसदों के हस्ताक्षर लेने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले पर तृणमलू कांग्रेस के रुख को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह संसद परिसर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में हुई विपक्षी नेताओं की बैठक में, (लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ) अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार किया गया। बैठक में तृणमूल कांग्रेस, वाम दल, द्रमुक, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, शिवसेना (उबाठा) और राकांपा (शप) सहित कुछ अन्य पार्टियों के नेताओं ने भी हिस्सा लिया। बीते दो फरवरी को, राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़ा विषय उठाने की अनुमति नहीं मिलने, सदन की अवमानना के मामले में आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित किए जाने तथा अन्य मुद्दों पर सदन में गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। विपक्ष का आरोप है कि लोकसभा में विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा है, जबकि सत्तापक्ष के लोगों को कुछ भी बोलने की छूट दी गई है। **राहुल के बोलते ही लोकसभा में हंगामा**-सोमवार को दोपहर 2 बजे बाद लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राहुल गांधी जैसे ही बोलने के लिए उठे, वैसे ही हंगामा शुरू हो गया। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे स्पीकर ने कहा था कि वह अपनी बात रख सकते हैं। वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि स्पीकर ने ऐसा कुछ नहीं कहा है। राहुल गांधी ने कहा कि एक घंटा पहले हम स्पीकर से मिले थे। उन्होंने कहा कि बजट पर चर्चा से पहले मैं बोल सकता हूं। क्या आप अपने शब्दों से पीछे जा रहे हैं। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने राहुल से कहा कि बजट पर बोलना है तो बोल सकते हैं। किसी और विषय पर कोई नोटिस नहीं मिला है। लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई है।

### मुस्लिम एक-तिहाई...

फैसला इस्लामी कानून के उस मूल सिद्धांत को मजबूत करता है, जिसका उद्देश्य वारिसों के अधिकारों की रक्षा करना है। जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की एकल पीठ ने 2 फरवरी 2026 को यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कोरबा जिले की एक विधवा जैबुन निशा की अपील को मंजूर करते हुए निचली अदालतों के फैसलों को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि निचली अदालतों ने गंभीर कानूनी गलती की थी, जब उन्होंने विधवा को उसके वैधानिक हिस्से से पूरी तरह वंचित कर दिया। कोर्ट ने वसीयत के फायदार्थी को संपत्ति का एक-तिहाई से ज्यादा हिस्सा देने से इनकार कर दिया। याचिका कोरबा जिले की रहने वाली 64 वर्षीय जैबुन निशा ने दायर की थी। इसमें कहा गया कि वह दिवंगत अब्दुल सत्तार लोधिया की पत्नी हैं। अब्दुल सत्तार का निधन 19 मई 2004 को हुआ था। उनके नाम पर कोरबा शहर में खसरा नंबर 1045/3 की 0.004 एकड़ (लगभग आठ डिसमिल) जमीन और उस पर बना मकान था। यह उनकी निजी संपत्ति थी। अब्दुल सत्तार की कोई संतान नहीं थी। लेकिन भतीजे मोहम्मद सिकंदर ने गोल लिए बेटे का दावा करते हुए पूरी सपंत्ति पर हक जता दिया और 27 अप्रैल 2004 की वसीयत पेश कर दी। तहसीलदार ने भी सिकंदर के पक्ष में फैसला दे दिया। जैबुन निशा ने इसका विरोध किया और कहा कि वसीयत उनकी सहमति के बिना बनाई गई और मुस्लिम कानून के खिलाफ है। सिविल जज ने लेकिन जैबुन निशा की याचिका खारिज कर दी। अपील में दूसरे अतिरिक्त जिला जज कोरबा ने 28 जनवरी 2016 को ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। इसके बाद जैबुन निशा हाईकोर्ट पहुंचीं।

### मुस्लिम कानून में...

है। फिर भी उसने राजस्व रिकॉर्ड में खुद को बेटा बताया। वसीयत पूरी संपत्ति की है, जबकि मुस्लिम कानून में बिना वारिसों की सहमति के एक-तिहाई से ज्यादा नहीं दिया जा सकता। जैबुन निशा ने कभी सहमति भी नहीं दी। जस्टिस बिभु दत्ता गुरु ने विस्तार से दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और रिकॉर्ड का गहन अध्ययन किया। कोर्ट ने कहा कि भले ही वसीयत की लिखत और गवाहों से साबित हो जाए, लेकिन उसका कानूनी प्रभाव मोहम्मदन लॉ की धारा 117 और 118 के आधार पर जांचना जरूरी है।

### चैतन्य की जमानत...

मामले में अब एक सप्ताह बाद सुनवाई करने की बात कही है। सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट महेश जेठमलानी ने पैरवी करते हुए कोर्ट को बताया कि, चैतन्य बघेल को जमानत मिलने के बाद एक अहम गवाह सामने नहीं आ रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में जांच प्रभावित हो सकती है। जेठमालानी ने चैतन्य की जमानत आदेश पर पुनर्विचार करने की बात रखी। इधर ईडी के मुताबिक 2019 से 2022 के बीच हुए कथित शराब घोटाले से राज्य को भारी आर्थिक नुकसान हुआ और एक शराब सिंडिकेट को फायदा पहुंचा। एजेंसी का दावा है कि चैतन्य बघेल इस सिंडिकेट के प्रमुख थे और करीब 1000 करोड़ रुपए की राशि संभाली। वहीं एसीबी और ईओडब्ल्यू का कहना है कि घोटाले की कुल रकम 3500 करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकती है। इसमें कई लोगों ने मिलकर अपराध से कमाई गई राशि का प्रबंधन किया।

### सौम्या को हाईकोर्ट...

गिरफ्तार किया था। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील दी है कि, एजेंसियां नई-नई एफआईआरआर दर्ज कर बार-बार गिरफ्तारी कर रही हैं। अब तक उन्हें 6 बार हिरासत में लिया जा चुका है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह पहले हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर करें। साथ ही हाईकोर्ट को उनकी याचिका पर प्राथमिकता से सुनवाई करने कहा है।

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्फुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-कोनी हेतु सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है वेतन 9500 ड्यूटी 12 घंटे तीन फोटो आधार कार्ड सहित तत्काल सम्पर्क करें- 81093 14893, 9926683722 **(39888)**

**आवश्यकता है**-घरेलू कार्य हेतु अनुभवी कार ड्राईवर की आवश्यकता है जिसे सभी प्रकार की गाड़ी चलानी आती हो। सम्पर्क करें-88394 05065 **(39902)**

**आवश्यकता है**-रियल एस्टेट कम्पनी में कार्य करने का सुनहरा अवसर टेलीकॉलिंग हेतु लड़की, मार्केटिंग हेतु लड़के चाहिए सम्पर्क करें- अम्बे कंस्ट्रक्शन मोपका चौक AGFG चर्च के पास बिलासपुर 7987236607, 8109119184 **(39900)**

**आवश्यकता है**-जेएम पॉवर होम एप्लायन्सेस कम्पनी को मल्टी टैलेन्टेड, स्मार्ट महिला की आवश्यकता है। जो कम्प्यूटर में GST एवं एकाउंट का काम कर सके वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-बिलासपुर 8435084366 **(39890)**

**आवश्यकता है**-थोक कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों एवं कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क- साजनदास एंड सन्स, भाजपा कार्यालय के पास करबला रोड बिलासपुर 7987404961 **(39892)**

**आवश्यकता है**-वेल्डर, हेल्पर की फायर फाइटिंग प्रोजेक्ट के एमएस पाईप लाइन के कार्य हेतु वेल्डर, हेल्पर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- एमएस सर्विसेस बिलासपुर 9399343522, 99770 64997 **(39882)**

**आवश्यकता है**-रेडिमेड कपड़ा शोरूम में लड़के, लड़कियां एवं बिलिंग आपरेटर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। दुकान में आकर मिलें- Red Fox Mens wear, BSNL आफिस के सामने, अग्रसेन चौक बिलासपुर 90982 22243, 9713623032 **(39875)**

**आवश्यकता है**-Ocean कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के लड़कियां चाहिए, योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18-28, आय 10500 से 18000+ रहना, खाना सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752337082 **(39893)**

**आवश्यकता है-मिठाई एवं नाश्ता बनाने के लिए हलवाई मिस्त्री की आवश्यकता है मिस्त्री का वेतन 18000 से 30000 एवं होटल में काम करने हेतु लड़के चाहिए (लड़के का वेतन 9000 से 18000) पता- यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 93005 21234 (39887)**

**आवश्यकता है**-एक दो साल अनुभवी सेल्समैन चाहिए जिसके पास स्वयं की बाइक हो वेतन 11000+ टीए, डीए सम्पर्क करें- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर **(39895)**

**आवश्यकता है**-होटल में वेटर सप्लायर युवक, युवतियां एवं इडियन कुक, चायनीज कुक एवं साऊथ इंडियन कुक की आवश्यकता है रहने, खाने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 79876 33348 **(39898)**

**आवश्यकता है**-होलसेल कपड़ा दुकान में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है। वेतन 8000 से 10000 सम्पर्क करें- टूटेजा क्लॉथ सिंडिकेट, श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक, बिलासपुर **(39901)**

**आवश्यकता है**-प्रतिष्ठित आफिस में कार्य करने के लिए चपरासी प्यून की आवश्यकता है सम्पर्क करें- दोपहर 2बजे से शाम 4बजे तक एरीना एनीमेशन काशी चेम्बर्स लिंक रोड बिलासपुर 9826956859 **(39894)**

**आवश्यकता है**-मार्केटिंग में फोर व्हीलर छोटा हाथी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार। आधार कार्ड लाइसेंस सहित सम्पर्क करें- अरोरा बेकरी, बृहस्पति बाजार के पास, बिलासपुर 9827164721 **(39880)**

**आवश्यकता है**-Foliage Public school चकरभाठा बिलासपुर में सभी क्लास के इंग्लिश मीडियम के टीचर, (Pre Primary, Primary and High Classes), मार्केटिंग, ऑफिस स्टाफ एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। Contact/ Whatsapp 84347 69624 **(39879)**

**आवश्यकता है**-UTN शॉप में मार्केटिंग सेल्स कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 12000 सम्पर्क करें- शॉप नम्बर FS-16 प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7999594790, 8878973171 **(39897)**

**आवश्यकता है**-कंस्ट्रक्शन एवं इंटीरियर सुपरवाइजर मंगला एरिया, बिलासपुर में घर नवीनीकरण प्रोजेक्ट हेतु। कंस्ट्रक्शन देखरेख, इंटीरियर डिजाइन/ फिनिशिंग एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में 3+ साल का प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस चाहिए। मॉडर्न मटेरियल्स, इलेक्ट्रिकल/ प्लंबिंग का बेसिक नॉलेज हो। वर्क टाइम सुबह 10बजे से शाम 5बजे तक फुल टाइम, तुरन्त स्टार्ट। सैलरी कॉल पर डिस्कस। सुबह 10बजे से रात 8बजे तक सम्पर्क करें- 9826123235 **(39891)**

**आवश्यकता है**-प्रतिष्ठित प्लाईवुड फर्म में शटरिंग प्लाई सेल्समैन की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9165509999 **(39896)**

**आवश्यकता है**-LED लेटर बनाने के लिए जानकार युवक युवती की आवश्यकता है जिनको लेटर बनाने का काम पूरा आता हो वेतन 10+ सम्पर्क करें-6263077177 **(39883)**

**आवश्यकता है**-बेरोजगार युवा आज ही नौकरी पाइये पद सिक्योरिटी गार्ड योग्यता- 5वी से 12वीं पास ग्रेजुएट भी मान्य सुविधा रहने व खाने की व्यवस्था उपलब्ध वेतन 9500 से 18000 प्रतिमाह लोकेशन- नया रायपुर, रायपुर, रायगढ़, आज ही कॉल करें और नौकरी पक्की करें- 9201958117, 9201958118 **(6547)**

**आवश्यकता है-प्लाईवुड शोरूम में सेल्स एंड मार्केटिंग पर्सन, ऑफिस कार्य हेतु टेलीकॉलर शिक्षित, लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन 10000 से 50000+ बोनस+ कमीशन +पेट्रोल, बाइक अनिवार्य। रिज्यूम व्हाट्स एप्प करें- 9608777772, अनुभवी उम्मीदवार ही सम्पर्क करें-एस.एस. प्लाईवुड महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर (561)**

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में झाड़ पोछा लगाने के लिए दो लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पूनम इलेक्ट्रॉनिक्स गांधी चौक बिलासपुर **(39884)**

**आवश्यकता है**-सेल्समैन एवं सेल्सगर्ल 4पद, अटेंन्डर 1 पद, फोल्डर 1 पद की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- शैल वस्त्रालय मेन रोड मसानगंज बिलासपुर 92381 07105 **(39886)**

**आवश्यकता है**-बिजी साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवती एवं माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य के लिए मेहनती लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस तेलीपारा बिलासपुर **(39881)**

**आवश्यकता है**-मेंस/ किड्स वियर, साड़ी हाउस, सूट सेक्शन हेतु अनुभवी सेल्समैन सेल्सगर्ल। हर बिक्री पर 1% कमीशन। पता- कृष्णा प्रीमियम करबला रोड, मनोहर बूट हाउस के पास, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 75662 85241 **(39876)**

**आवश्यकता है**-अम्माजी ट्रेडर में ग्रामीण क्षेत्र में कार्य के लिए सेल्समैन लड़के की आवश्यकता है बाइक अनिवार्य वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- व्यापार विहार, बिलासपुर 6266732985, 96851 38652 **(39878)**

**आवश्यकता है**-ड्राइवर चाहिए बिलासपुर शहर में रहने वाले ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9171147000 **(518)**

**आवश्यकता है**-प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान हेतु सुरक्षा गार्डों की शीघ्र आवश्यकता है। वेतन शासकीय नियम अनुसार। अपने मूल दस्तावेजों के साथ तत्काल सम्पर्क करें- अमर तिवारी फील्ड आफिसर बुन्देलास सिक्युरिटास एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड फर्स्ट फ्लोर, अम्बे प्लाजा, बस स्टैण्ड के सामने बिलासपुर 9340554393, 93294 54393 **(39877)**

**आवश्यकता है**-अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है जिसे मर्सिडीज वाल्वो जैसी लग्जरी गाड़ियां चलाने का अनुभव हो उम्र न्यूनतम 35वर्ष, वेतन आकर्षक, समय 11बजे से 6बजे तक सम्पर्क करें- 9301991124 **(39874)**

**आवश्यकता है**-नर्सिंग होम में कार्य करने के लिए बीएससी नर्सिंग स्टाफ, ट्रेण्ड नर्स की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम, रिंग रोड नं.-2, महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर 9981970853 **(39838)**

**आवश्यकता है**-आफिस, कम्प्यूटर कार्य हेतु अनुभवी आपरेटर, बागवानी कार्य हेतु मैनेजर, कार ड्राइवर, कुक, घरेलू कार्य, किराए के घर की देखभाल हेतु मैनेजर, कोर्ट कचहरी हेतु मुंशी चाहिए सम्पर्क करें- 8078280001 **(39611)**

**आवश्यकता है**-नियोजन अधिकारी प्रतिदिन 500 से 5000 कमाने का सुनहरा अवसर वर्किंग पार्टनर, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ दिल्ली सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016 **(348)**

**आवश्यकता है**-वेदांत इंटरप्राइजेज में पैकिंग एवं अन्य कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 6000 समय 10am से 7pm सम्पर्क करें- साइंस कॉलेज सरकंडा 9074741377 **(516)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

हमारा आशियाना



**आवश्यकता है**-ड्राइवर सिक्योरिटी संस्था में कार्य करने हेतु इच्छुक गार्ड सम्पर्क करें वेतन 9500 से 10000 प्रतिमाह से शुरू कार्य स्थल- बिलासपुर सम्पर्क करें- 8770927383 **(521)**

## बेचना है

**बेचना है**-डीपीएस स्कूल एवं बस स्टैण्ड बिलासपुर से 1.5 km दूर, जीएसटी आफिस से लगा, 80फुट चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर स्थित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स उपलब्ध, सम्पर्क- 9300612345 **(39854)**

**बेचना है**-सर्वमंगला पेट्रोल पम्प के पीछे आशा नगर उस्लापुर में डाइवर्टेड डबल स्टोरी का नक्शा पास भूमि 60×50 में 60फुट उत्तर मुखी फ्रंट 25फीट सीमेन्ट रोड पर बेचना है सम्पर्क- 93003 33519 **(39889)**

**बेचना है**-बिलासपुर, मोपका, विवेकानंद कॉलोनी में सीपत मेन रोड से 800मी की दूरी पर 3BHK, नया डुप्लेक्स मकान, मात्र 57लाख, 2BHK 50लाख में बेचना है खरीदार ही सम्पर्क करें- 9993068021, 9685833889 **(520)**

**बेचना है**-चिल्हाटी मंगलम सिटी बिलासपुर में टी एंड सी व रेरा एप्रूव्ड 45×30 प्लॉट ऑन रोड बेचना है सम्पर्क करें- 8821047761, 8109060041 **(522)**

## फाइनेन्स

**फाइनेन्स**-विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध 2% ब्याज, 30% छूट सम्पर्क करें- 7587708423 **(519)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586



# स्कॉटलैंड का एसोसिएट टीमों में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाकर रचा कीर्तिमान

## स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हराया, जॉर्ज मुन्से का अर्धशतक

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

टी20 विश्व कप के इतिहास में स्कॉटलैंड ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। एसोसिएट देश के रूप में स्कॉटलैंड ने टी20 विश्व कप की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने की उपलब्धि यूएसए को पीछे छोड़ते हुए अपने नाम कर ली है। कोलकाता के ईडन गार्डन में सोमवार को हुए मुकाबले में स्कॉटलैंड ने इटली के खिलाफ टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 207 रन बनाए।

टी20 विश्व कप में किसी भी एसोसिएट देश का एक पारी में बनाया गया यह सबसे बड़ा स्कोर है। पूर्व में यह रिकॉर्ड यूएसए के नाम था। टी20 विश्व कप 2024 में यूएसए ने कनाडा के खिलाफ दूसरी पारी में 3 विकेट पर 197 रन बनाकर जीत हासिल की थी। इसी मैच में कनाडा ने पहली पारी में 194 रन बनाए थे। इटली को टी20 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में 73 रन से हार का सामना करना पड़ा है। स्कॉटलैंड के दिए 208 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इटली 16.4 ओवर में 134 पर आउट हो गई।



### इटली ने 17 गेंदों पर गंवाए आखिरी पांच विकेट


208 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और पहली ही गेंद पर जस्टिन मोस्का का विकेट गिर गया। इसके बाद विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। इटली ने अपने आखिरी 5 विकेट 17 गेंद के अंदर गंवाए। कप्तान वेन मैडसेन इंजरी की वजह से बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। इटली के लिए हैरी मैनेंटी ने 25 गेंद पर 3 छक्कों और 1 चौके की मदद से 37 रन बनाए, जबकि बेन मैनेंटी ने 31 गेंद पर 1 छक्का और 5 चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली। इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी हुई थी। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लिस्क सफलतम गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। मार्क वाट ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए। ब्रैड करी, ब्रैड व्हील, और ओलिवर डेविडसन ने 1-1 विकेट लिए।

### लिस्क को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब

इसके पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 4 विकेट पर 207 तक रन बनाए थे। स्कॉटलैंड के लिए जॉर्ज मुन्से ने बेहतरीन अर्धशतक लगाया। वह 54 गेंद पर 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 84 रन की पारी खेलकर आउट हुए। माइकल जोंस 30 गेंद पर 37 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा मैकमुलेन ने 18 गेंद पर 4 छक्कों की मदद से नाबाद 41 और लिस्क ने 5 गेंद पर 2 छक्कों और 2 चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाए थे। माइकल लिस्क प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

आठवां मुकाबला

# जिम्बाब्वे ने ओमान को 8 विकेट से हराया, बेनेट की शानदार बल्लेबाजी



**कोलंबो।** जिम्बाब्वे ने सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में सोमवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के आठवें मुकाबले में ओमान के विरुद्ध 8 विकेट से जीत दर्ज की। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ओमान की टीम 19.5 ओवरों में 103 रन पर सिमट गई। कप्तान जतिंदर सिंह 1 चौके के साथ 5 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने 27 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो दिए। यहां से विनायक शुक्ला ने सुफयान महमूद के साथ छठे विकेट के लिए 43 गेंदों में 42 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही ओमान एक बार फिर से लड़खड़ा गई। विनायक 28 रन बनाकर आउट हुए, जबकि महमूद ने 25 रन की पारी खेली। इनके अलावा, नदीम खान ने 20 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजारबानी और ब्रैड इवांस ने 3-3 विकेट हासिल किए। एक विकेट सिकंदर रजा के हाथ लगा।

### जिम्बाब्वे ने बल्ले और गेंद से किया कमाल

इसके जवाब में जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। दिवानाशे मारुमानी और ब्रायन बेनेट ने पहले विकेट के लिए 3.1 ओवरों में 30 रन जुटाए। मारुमानी 11 गेंदों में 5 चौकों के साथ 21 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद डायोन मायर्स (0) बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन अपनी दूसरी गेंद पर ही विकेट गंवा बैठे। जिम्बाब्वे की टीम 30 के स्कोर पर 2 विकेट खो चुकी थी। यहां से ब्रायन बेनेट ने ब्रेंडन टेलर के साथ 56 गेंदों में 68 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया। टेलर 30 गेंदों में 3 चौकों के साथ 31 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए, जबकि बेनेट ने 36 गेंदों में 7 चौकों के साथ नाबाद 48 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई। विपक्षी खेमे से दोनों विकेट सुफयान महमूद ने हासिल किए। उन्होंने 3 ओवरों में महज 12 रन दिए, लेकिन टीम को शर्मनाक हार से बचा नहीं सके।

## खबर संक्षेप



### 25 से इंडिया नॉकआउट नाइट्स, गोयत ने मिलाया आईआईएस से हाथ

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय पेशेवर मुक्केबाज नीरज गोयत ने देश के मुक्केबाजों के लिए 'इंडिया नॉकआउट नाइट्स' शुरू करने के इरादे से बेल्लारी स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) के साथ हाथ मिलाया है। यह प्रतियोगिता 25 फरवरी से शुरू होगी। तीन बार के डब्ल्यूबीसी एशियाई खिताब विजेता गोयत को इस पहल के लिए विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता निशांत देव का समर्थन मिला है, जो अब पेशेवर सर्किट में खेलते हैं।

### सूर्यकुमार का कप्तान होना भारत के लिए सौभाग्य



**नई दिल्ली।** मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव की 'संयमित नेतृत्व क्षमता' की तारीफ करते हुए कहा कि टी20 प्रारुप में कप्तान के तौर पर वह सभी कसौटी पर खरे उतरते हैं और इससे उनका दबाव भरा काम थोड़ा आसान हो जाता है। गंभीर ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार जैसे आक्रामक बल्लेबाज का कप्तान होना भारत के लिए सौभाग्य की बात है। गंभीर ने कहा, ' सूर्यकुमार ने इस प्रारुप में मेरा काम बहुत आसान कर दिया है। वह लोगों के लिए एक बेहतरीन कप्तान हैं, यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वह मैदान पर क्या करते हैं, या बल्लेबाज के रूप में कैसे हैं, या उनके शॉट्स इस प्रारुप में कैसे हैं।' उन्होंने कहा, ' कोच के तौर पर कभी-कभी आपके दिमाग में कई बातें चल रही होती हैं, लेकिन जब आप जानते हैं कि सूर्यकुमार माहौल को शांत बनाए रखेंगे, जैसा किसी भी कोच का सपना होता है, तो बहुत कुछ आसान हो जाता है।'

# रणजी ट्राफी : कर्नाटक की सेमीफाइनल में एंट्री 42 बार की चैंपियन मुंबई बाहर, राहुल ने ठोका शतक

एजेंसी ▸▸| मुंबई



लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली, जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की । बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत अब उत्तराखंड से होगी।

राहुल को रविचंद्रन स्मरण (नाबाद 83, 123 गेंद, 11 चौके) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। दोनों ने मैच के चौथे दिन चौथे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करके कर्नाटक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राहुल की पारी की बदौलत आठ बार का चैंपियन कर्नाटक लंच तक तीन विकेट पर 265 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में था। राहुल हालांकि लंच के तुरंत बाद तुषार देशपांडे का शिकार बने। देशपांडे और तनुष कोटियान ने इसके बाद कर्नाटक का स्कोर छह विकेट पर 285 रन कर दिया। बाइस साल के स्मरण ने इसके बाद अपना विकेट बचाने को तरजीह जबकि विद्याधर पाटिल ने 30 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 31 रन की पारी खेलकर कर्नाटक को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले राहुल ने अपनी पारी के दौरान काफी धैर्य दिखाया और कोटियान की गेंद पर चौके के साथ शतक पूरा किया।

# मप्र को हराकर जम्मू कश्मीर पहली बार सेमीफाइनल में

**इंदौर।** तेज गेंदबाज आकिब नबी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 12 विकेट से जम्मू कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां मध्य प्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहली पारी में सात विकेट चटकाने वाले 29 साल के नबी ने दूसरी पारी में पांच विकेट झटके, जिससे जीत के लिए 291 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही 2021-22 की चैंपियन मध्य प्रदेश की टीम 234 रन पर आउट हो गई। जम्मू कश्मीर के सामने सेमीफाइनल में बंगाल और आंध्र के बीच खेले जा रहे क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने वाली टीम की चुनौती होगी। दूसरे सेमीफाइनल में उत्तराखंड की टक्कर कर्नाटक से हागी। आकिब ने बीते दिन 23 रन देकर तीन विकेट लिए थे, जिससे मध्य प्रदेश का स्कोर दूसरी पारी में पांच विकेट पर 84 रन था।



आकिब ने मैच के चौथे दिन रामवीर गुर्जर (11) और फिर मध्य प्रदेश की आखिरी उम्मीद सारांश जैन (81 गेंद में 64 रन) को आउट कर मैच में दूसरी बार पांच विकेट झटकने का कारनामा पूरा किया। आर्यन पांडे (22) आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे। इससे पहले दिन की शुरुआत में टीम ने अभी 20 रन ही जोड़े थे कि अनुभवी वेंकटेश अय्यर (17) सुनील कुमार की गेंद को विकेटकीपर के हाथों में खेल गये।

एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप

# शूट-ऑफ में गोल्ड से चूकीं मनु, ईशा ने जीता ब्रॉन्ज



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंचकर रोमांचक शूट ऑफ में पिछड़ गईं, जिससे उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि उनकी साथी भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह को कांस्य पदक मिला। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र के सबसे करीब मुकाबले में से एक में स्वर्ण पदक विजेता एनगुयेन थुय ट्रेंग और मनु दोनों ने फाइनल में समान 35 का स्कोर किया। इसके बाद मुकाबला शूट ऑफ में खिंचा, जिसमें वियतनाम की खिलाड़ी ने बाजी मार ली। फाइनल में पूर्व एशियाई एयर पिस्टल चैंपियन ट्रेंग, मनु, ईशा और ओलंपियन रिदम सांगवान सभी स्वर्ण के लिए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे थे।

### ईशा ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच अंक से की शुरुआत



ईशा ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच अंक से शुरुआत की जबकि मनु और ट्रेंग ने चार-चार अंक के निशाने लगाए। हर सीरीज के बाद पदक की दौड़ में स्थिति बदल रही थी लेकिन छठी सीरीज में परफेक्ट पांच के साथ वियतनाम की खिलाड़ी ने दो अंक की बढ़त बना ली। मनु और ईशा ने ट्रेंग की खराब सातवीं सीरीज का फायदा उठाया, जिसमें वह सिर्फ एक निशाना लगा पाईं, जिससे अंतर कम हो गया। आठवीं सीरीज के आखिर में 30 के स्कोर के साथ आगे चल रही ईशा नौवीं सीरीज में अपने सभी शॉट चूक गईं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# इटली को झटका, कप्तान मेडसन चोटिल, विश्वकप से हुआ बाहर

एजेंसी ▸▸| कोलकाता



इटली के मुख्य कोच जॉन डेविसन ने कहा है कि कप्तान वेन मेडसन का टीम के टी20 विश्व कप पदार्पण मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ 73 रन की हार के दौरान कंधा खिसकने के कारण लीग चरण के बाकी मुकाबलों में खेलना संदिग्ध है।

डेविसन ने कहा कि अनुभवी कप्तान अब भी टीम के साथ यात्रा कर सकते हैं और 'कोचिंग स्टाफ' के रूप में डगआउट में शामिल हो सकते हैं। मेडसन स्कॉटलैंड की पारी के चौथे ओवर में मिडविकेट पर बाउंड्री रोकने के प्रयास में चोटिल हो गए थे। वह सख्त अभ्यास पिच पर गिरे और तुरंत अपना कंधा पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया। मेडसन बाद में मुकाबले से बाहर हो गए। फिजियो ने इसे वापस जगह पर कर दिया है लेकिन उन्हें यह देखने के लिए और स्कैन करवाने होंगे कि यह कितना गंभीर है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि उनका खेलना संदिग्ध होगा।

# भारत को बड़ा झटका, बीडब्ल्यूएफ ने घटाई टूर्नामेंट व मैच की संख्या

एजेंसी:कुआलालंपुर

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के सोमवार को घोषित भविष्य के कार्यक्रम में भारत को बड़ा झटका लगा है क्योंकि देश में होने वाले आयोजनों की संख्या चार से घटकर दो कर दी गई है, जिसमें इस साल आयोजन संबंधी समस्याओं के बावजूद इंडिया ओपन ने अपना सुपर 750 दर्जा बरकरार रखा है लेकिन सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 का दर्जा घटाकर सुपर 100 कर दिया गया। विश्व टूर कार्यक्रम से जिन टूर्नामेंटों को हटाया गया है उनमें गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर 100 टूर्नामेंट शामिल हैं। इन टूर्नामेंटों को 2023 में शुरू किया गया था। लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय का आयोजन राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन सैयद मोदी की स्मृति में होता है। यह साल 2018 से विश्व टूर सुपर 300 स्तर का टूर्नामेंट रहा है। 2009 में ग्रां प्री टूर्नामेंट के रूप में शुरू हुआ यह आयोजन अब अगले सत्र से सर्किट में शामिल आठ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक होगा।

### बीडब्ल्यूएफ ने हटाने का कारण नहीं किया स्पष्ट

बीडब्ल्यूएफ ने सैयद मोदी टूर्नामेंट के स्तर को कम करने या ओडिशा और गुवाहाटी के टूर्नामेंटों को कैलेंडर से हटाने के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं किए हैं। दिल्ली में आयोजित होने वाले इंडिया ओपन को 2023 में सुपर 750 का दर्जा दिया गया था। वह अपनी ग्रेड दो, लेवल तीन स्थिति बनाए रखेगा और 2027-30 के नए चक्र में भी पांच सुपर 750 टूर्नामेंटों में शामिल रहेगा। इस साल इंडिया ओपन विवादों में भी रहा था। कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने साफ-सफाई सहित आयोजन की अन्य खामियों की ओर इशारा किया था।

# सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट: इंटर मिलान ने बनाई बढ़त, सासुओलो को हराया



एजेंसी:रोम

इंटर मिलान ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे सासुओलो को 5-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी बढ़त आठ अंक कर ली। यान बिसेक और मार्कस थुराम ने इंटर के लिए पहले हाफ में जबकि लोटारो मार्टिनेज, मैनुअल अकांजी और लुइ हेनरिक ने दूसरे हाफ में गोल दागे। इस जीत से इंटर मिलान के 24 मैच में 58 अंक हो गए हैं। एसी मिलान की टीम 23 मैच में 50 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टीम मिलाना कोर्टिना ओलंपिक के कारण इस सप्ताहांत नहीं खेली। इंटर मिलान की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं जीत है।


## गुमशुदा



एक महिला जिनका नाम फिरतीन बाई सूर्यवंशी है, उम्र 42 वर्ष, जिनकी साड़ी का रंग मटमैला है एवं उनका रंग साँवला है, शरीर दुबला पतला, कद ऊंचाई 05 फीट, चेहरा गोल एवं बाल काले हैं। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। दिनांक 04/02/2026 को रात्रि में 8 बजे घर से बिना बताये कहीं अन्यत्र चली गई है।

**जिस किसी सज्जन को यह महिला दिखे या मिले तो वे कृपया निम्न पते पर संपर्क करें। इनके बारे में हमें कुछ भी जानकारी देने वाले या मिलाने वाले को उचित ईनाम दिया जावेगा।**

मो. राजकुमार (बड़ा भाई)
मो. 9301587104, 7224983312
पता: काली मंदिर के सामने,
सूर्या भवन तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.)

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANS. CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh undertaking) (A successor company of CSEB)
O/o Chief Engineer (Store & Purchase) CIN- U40108CT2003SGCO15820 / 3rd Floor, SLDC Building, Dangania, Raipur(C.G.)-492013 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
No.02-16/SE(S&P)/TR-25/S&P/47/1573 Raipur, Dtd.09.02.2026

**E - BIDDING TENDER NOTICE**

**Online bids** are invited by the undersigned through CSPTCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced manufacturers/eligible bidders for Supply of following material-

| S.N. | Tender no. /RFx No. | Description | Due Date & time |
|---|---|---|---|
| 1. | TR-25/S&P/47 RFx No-8100049331 | 220KV,132KV & 33KV Control & Relay Panel for Feeder with BCU | 10.03.2026 Upto 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:– https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

CHIEF ENGINEER (S&P)
CSPTCL: RAIPUR
SAVE ELECTRICITY

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र 03 बिलासपुर (छ.ग.)**
**तृतीय निविदा सूचना**

क्र.51/न.पा.नि./जोन क्र.03/2025-26 दिनांक 09/02/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 18/02/2026 को सायं काल 4:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 17 अमलतास कॉलोनी आनंद गुप्ता के घर से राकेश शर्मा के घर तक आर सी सी नाली निर्माण कार्य। | 7.13 | 5400 | 750 |
| 2 | वार्ड क्र. 17 नेहरु नगर ठेठा डबरी में शिव मंदिर से मनीष यादव के घर तक नवीन सीमेंट कांक्रीट सडक नाली सहित निर्माण कार्य। | 4.98 | 5000 | 750 |
| 3 | वार्ड क्र. 15 उमाशंकर के घर से देवांगन के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2.55 | 2600 | 750 |
| 4 | वार्ड क्र. 15 उमा शंकर साहू के घर से देवांगन जी के घर तक (राइट साईड) आर सी सी नाली निर्माण कार्य। | 1.80 | 2000 | 300 |
| 5 | वार्ड क्र. 18 हनुमान मंदिर से चांटापारा रोड तक सी सी रोड निर्माण कार्य। | 0.75 | 1000 | 300 |

नगर निगम के विभागीय वेब साईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.03
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City.

**आम सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुकता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। । चूँकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 20 फरवरी, 2026 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई–नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई–नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता सं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अंबिकापुर | |
| 042562002791 | शांति सरोजनी फन्ना |
| शाखा का नाम : अंजोरा | |
| 328462000659 | रामनिवास |
| शाखा का नाम : बस्तर, छत्तीसगढ़ | |
| 360162001420 | बेनु राम पटेल |
| 360162001679 | लुपेंद्र पटेल |
| 360162002105 | पार्वती बघेल |
| 360162002112 | पीलाराम बघेल |
| 360162002114 | सागर कश्यप |
| 360162002116 | रामेश्वर निषाद |
| शाखा का नाम : बेमेतरा, छत्तीसगढ़ | |
| 372457000054 | भोला पटेल |
| शाखा का नाम : भिलाई पावर हाउस | |
| 543362000100 | मोहम्मद शारिक सिद्दीकी |
| शाखा का नाम : बिलासपुर - गुरूनानक चौक | |
| 242562001964 | स्मिता गोयल |
| शाखा का नाम : धरमजयगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 372362000661 | रोहनी कुमार नायक |
| शाखा का नाम : दुर्ग-इंदिरा मार्केट | |
| 552757000034 | परवेज खान |

| ऋण खाता सं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108562009281 | रामलाल बघेल |
| 108562012922 | नमिता साहू |
| 108562012938 | हरजिंदर सिंह |
| 108562012947 | तनसुख सोनी |
| 108562012965 | रवि ठाकुर |
| शाखा का नाम : जगदलपुर II | |
| 443162001635 | प्रतीक दास |
| 443162001620 | शहजाद हुसैन |
| शाखा का नाम : कांकेर, छत्तीसगढ़ | |
| 371762003050 | अशोक रमानी |
| 371762003057 | दिनदयाल पटेल |
| शाखा का नाम : कोंडागांव, छत्तीसगढ़ | |
| 328162006062 | हेम चंद नेताम |
| 328162005473 | रोशन कुमार बघेल |
| 328162005462 | रोशन कुमार बघेल |
| 328162005476 | ह्रदीराम कश्यप |
| 328162005572 | नम्रता पांडे |
| 328162006083 | अनिता नेताम |
| 328162006050 | दिगेश्वर मरकाम |
| 328162006052 | सामनाथ यादव |
| 328162006055 | बंकिम सना |
| 328162006070 | ईश्वरी पांडे |
| 328162006077 | अर्चना नाग |

| ऋण खाता सं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 328162006080 | अजय कुमार मरकाम |
| शाखा का नाम : कोरबा-बाल्को नगर | |
| 756062000646 | प्रेयांश सिंह |
| शाखा का नाम : कुरूद, छत्तीसगढ़ | |
| 371662001591 | यामिनी शुक्ला |
| शाखा का नाम : नगरनार | |
| 263962003388 | कमलोचन बिशोई |
| शाखा का नाम : नवापारा-राजिम | |
| 783462000136 | तेजराम नायक |
| शाखा का नाम : पाली, छत्तीसगढ़ | |
| 280462000973 | संदीप नेती |
| शाखा का नाम : पेंड्रा | |
| 784862000249 | शेख जमालुद्दीन |
| शाखा का नाम : रायपुर | |
| 016157000302 | अमृत कौर भाटिया |
| शाखा का नाम : रायपुर-मोवा | |
| 427862001016 | लवली कुमारी |
| शाखा का नाम : रायपुर-फाफाडीह | |
| 438657000027 | किरण देवी |
| शाखा का नाम : रायपुर-सदर बाजार | |
| 658157015031 | गुलाम नबी |
| शाखा का नाम : राजनांदगांव | |
| 062457000119 | पंकज कुमार चौधरी |

दिनांक: 10.02.2026
स्थान: बस्तर, रायगढ़, रायपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, कोरबा, बेमेतरा, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही, राजनांदगांव, सरगुजा

सही – प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड




साल 2030 में नासा अपने पुराने हो चुके अंतरिक्ष स्टेशन को आसमान से नीचे गिरा देगा। इसे बहुत ही सावधानी से प्रशांत महासागर के एक खाली हिस्से में गिराया जाएगा जिससे किसी को नुकसान न हो। पिछले 25 से भी ज्यादा सालों से यह अंतरिक्ष के अंधेरे में एक चमकते हुए हीरे की तरह हमारे ऊपर पहरा देता रहा है।

# आसमान से गिरेगा 400 टन का आईएसएस, खत्म हो जाएगा इंसानों का अंतरिक्ष वाला घर

**वॉशिंगटन।** यह इंसानों द्वारा बनाई गई सबसे शानदार जगह है, जहां अंतरिक्ष यात्री एक ही दिन में 16 बार सूरज को उगते और डूबते हुए देखते हैं। यहां पर आते ही देशों की सभी सरहदें खत्म हो जाती हैं और अलग-अलग देशों के वैज्ञानिक यहां मिलकर एक ही टीम की तरह इंसानियत के लिए नई-नई खोजें करते हैं।

## अब इसे अंतरिक्ष में करीब 25 साल से ज्यादा हो चुके हैं

### कठोर हालात के असर

यह स्पेस स्टेशन आग के गोले की तरह आसमान से गिरेगा और समुद्र में समा जाएगा। भले ही इसे खत्म करना बुरा लगे, लेकिन अंतरिक्ष विज्ञान को आगे ले जाने के लिए यह बहुत जरूरी कदम है। अंतरिक्ष का माहौल बहुत खतरनाक होता है पिछले 25 सालों से यह स्टेशन भयानक गर्मी-सर्दी, खतरनाक रेडिएशन और अंतरिक्ष में तैरते छोटे-छोटे पत्थरों की मार झेल रहा है।



### इसे कैसे नीचे लाया जाएगा?

400 टन वजनी इस स्टेशन को यूं ही नहीं छोड़ा जा सकता। इसके लिए नासा ने स्पेसएक्स कंपनी को एक खास अंतरिक्ष यान बनाने का काम दिया है। यह यान स्टेशन से जुड़ जाएगा और अपने इंजन की ताकत से उसे धीरे-धीरे धरती की ओर धकेलेगा। स्टेशन को गिराने के लिए समुद्र में एक जगह चुनी गई है, जिसे पाइंट नेमो कहते हैं।

### क्या है इसे बंद करने की वजह?


आईएसएस की शुरुआत 20 नवंबर 1998 को हुई थी, जब इसका पहला हिस्सा जार्या अंतरिक्ष में भेजा गया था। साल 2000 से यहां इंसान रहने लगे थे और अब इसे अंतरिक्ष में करीब 25 साल से ज्यादा हो चुके हैं। इसे रूस ने बनाया था और अमेरिका ने इसमें पैसा लगाया था। इसने ही स्टेशन को शुरुआती बिजली और आगे बढ़ने की ताकत दी थी।

# समुद्र की गहराई में किसने बनाए ये गोल घेरे

**लंदन।** स्कॉटलैंड के पास समुद्र में कुछ अजीबोगरीब घेरे देखे गए हैं। इन्हें परी मंडलियां कहा जा रहा है। ये घेरे स्कॉटलैंड के आउटर हेब्राइड्स द्वीप के पास पानी में मिले हैं। पानी के अंदर ये गोल घेरे दिखने से वहां के रहने वाले लोग और वैज्ञानिक दोनों ही हैरान हैं।

स्कॉटलैंड के पास समुद्र में कुछ अजीबोगरीब घेरे देखे गए हैं। माना जा रहा है कि ये घेरे समुद्र के अंदर उगने वाली घास से बने हैं। लेकिन, सबसे बड़ी पहेली यह है कि ये बिल्कुल गोल आकार में कैसे बने यह कोई नहीं जानता। पिछले 100 सालों से समुद्र के अंदर की यह घास धीरे-धीरे खत्म हो रही है। प्रदूषण, बीमारियां और मौसम में बदलाव इसकी मुख्य वजह हो सकती है। यह घास समुद्री जीवों का घर होती है और समुद्र के किनारों की लहरों से बचाने में मदद करती है।

### कितनी कीमती है ये घास?



एक समय था जब स्कॉटलैंड में यह घास इतनी ज्यादा होती थी कि लोग इसका इस्तेमाल अपने घरों की छतें बनाने और खेतों में खाद की तरह करते थे। 1930 के दशक में एक खतरनाक बीमारी फैली जिसने समुद्री घास के विशाल मैदानों को खत्म कर दिया। इसे वैज्ञानिकों ने वेस्टिंग डिजीज नाम दिया। बीमारी के अलावा समुद्र में बढ़ते प्रदूषण और बहुत ज्यादा मछली पकड़ने की वजह से भी यह घास दोबारा नहीं पनप पाई।

## कैमरे में कैद हुई स्कॉटलैंड की सबसे बड़ी पहेली



### इन्हें बचाने के लिए क्या किया जा रहा है?

स्कॉटलैंड की सरकार ने अब इस घास को खास दर्जा दिया है। इसका मतलब है कि अब इसे बचाने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। समुद्र के नीचे जाल बिछाकर मछली पकड़ने पर पाबंदी लगा दी गई है, क्योंकि इससे घास को नुकसान पहुंचता था और अब घास को बढ़ने का मौका मिल रहा है। पानी साफ होने और ड्रेजिंग रुकने की वजह से कुछ जगहों पर यह घास फिर उग रही है।

### समुद्र के लिए कितनी जरूरी है घास?

यह घास समुद्र की मिट्टी को एक जगह जमाए रखती है और लहरों की ताकत को कम करती है, जिससे किनारे सुरक्षित रहते हैं। मछलियों और अन्य जीवों के लिए यह घास किसी होटल की तरह है जहां उन्हें खाना और रहने के लिए सुरक्षित जगह मिलती है। यह घास हवा से गंदी गैसों को सोख लेती है और उसे समुद्र की मिट्टी में दबा देती है जिससे दुनिया का तापमान कम रखने में मदद मिलती है।

### क्या हैं ये गोल घेरे?

पहले लोग इन घेरों के बारे में सिर्फ कहानियों में सुना करते थे, लेकिन अब पहली बार ये कैमरे में कैद हुए हैं। ये घेरे समुद्र के अंदर घास के फैलने से बने हैं। ये देखने में बिल्कुल किसी जादू की तरह लगते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं कि ये बिल्कुल गोल आकार में ही क्यों बनते हैं।







# सहारा रेगिस्तान के बीच खूनी झीलें और नीले पानी का जादू



**त्रिपोली।** लीबिया के उबारी सैंड सी में रेत के विशाल टीलों के बीच छिपी हुई झीलें किसी चमत्कार से कम नहीं हैं। 2 लाख साल पहले यहां एक विशाल सागर हुआ करता था, जिसके अवशेष आज भी मौजूद हैं। दुनिया के सबसे बड़े और गर्म रेगिस्तानों में शुमार सहारा रेगिस्तान अपने भीतर कई ऐसे रहस्य समेटे हुए है, जिन्हें देख पाना हर किसी के बस की बात नहीं है।

लीबिया के दक्षिण-पश्चिमी फेजान क्षेत्र में स्थित 'उबारी सैंड एक ऐसा ही इलाका है, जहां रेत के आसमान छूते टीलों के बीच नीले और कभी-कभी गहरे लाल रंग की झीलें दिखाई देती हैं। ऐसा लगता है मानो वो झीलें खून से भरी हों। यह नजारा किसी काल्पनिक फिल्म जैसा लगता है, लेकिन इसकी वास्तविकता करोड़ों साल पुराने इतिहास और जलवायु परिवर्तन की दर्दनाक कहानी से जुड़ी है।

### सूखने का खतरा मंडरा रहा

हालांकि, ये झीलें 7 से 32 मीटर तक गहरी हैं, लेकिन इन पर सूखने का खतरा मंडरा रहा है। सहारा के नीचे मौजूद पानी के प्राकृतिक स्रोत सीमित हैं और बढ़ती आबादी इनका तेजी से इस्तेमाल कर रही है। लीबिया सरकार के 'ग्रेट मैन-मेड रिवर' प्रोजेक्ट ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत पाइपलाइनों के जरिए रेगिस्तान को हरा-भरा बनाने के लिए जमीन के नीचे से पानी निकाला जा रहा है। जानकारों का मानना है कि यदि यह सिलसिला जारी रहा, तो अगले 50 से 100 वर्षों में ये ऐतिहासिक और सुंदर झीलें हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दफन हो जाएंगी।

### यहां तक पहुंचना हर किसी के लिए आसान नहीं

इन झीलों में सबसे प्रसिद्ध 'उम्म अल-मा और 'गैबरून हैं। गैबरून झील पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र है, जहां पुराने गांव के खंडहरों के पास रुकने और खरीदारी की व्यवस्था भी है। यहां 'उम्म अल-हिसान जैसी और भी खूबसूरत झीलें हैं, लेकिन वहां तक पहुंचना हर किसी के लिए आसान नहीं है। इन झीलों की सबसे बड़ी विशेषता इनका अत्यधिक खारापन है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com